

तृतीय दिन - चंद्रघंटा: साहस और शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



वर्ष : 15 | अंक : 321 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | बुधवार, 24 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीय संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan


## हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी का उद्घाटन समारोह

# राजस्थान बनेगा एविएशन की पाठशाला मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में राजस्थान एविएशन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां पायलट ट्रेनिंग की विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं के निरंतर विस्तार से युवाओं के लिए आसमान में अनंत संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीरों की भूमि राजस्थान के पायलट पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। हमारे युवाओं को ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

श्री शर्मा मंगलवार को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एविएशन सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। निवेशकों का हमारी एविएशन पॉलिसी पर दृढ़ विश्वास है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट के अंतर्गत ड्यूंस एविएशन एकेडमी को भूमि उपलब्ध कराई थी। इस पर जल्द ही फ्लाइंग शुरू भी हो जाएगी।

### नागरिक उड्डयन नीति से प्रदेश बनेगा एविएशन हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान न केवल अपने युवाओं को पायलट बनाएगा, बल्कि दुनिया भर के युवाओं के लिए एविएशन की पाठशाला बनेगा। यहां से निकले पायलट केवल विमान नहीं उड़ाएंगे, बल्कि भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार एविएशन सेक्टर के तीव्र विकास के लिए राजस्थान नागरिक उड्डयन नीति-2024 लाई है। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना और राजस्थान को देश का एविएशन हब बनाना है। साथ ही, निवेश आकर्षित करना भी है।



उन्होंने कहा कि राजस्थान में एविएशन सेक्टर निरंतर नई उचाईयां छू रहा है। इसमें कोटा का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरपोर्ट न केवल राजस्थान बल्कि मध्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण गेटवे बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उदयपुर के एयरपोर्ट विस्तार के लिए 145 एकड़ भूमि के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, जयपुर के एयरपोर्ट पर नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किशनगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन भी शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई सुविधाओं के निरंतर विस्तार और सुदृढ़ीकरण राजस्थान के विकास को अधिक गति मिलेगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक, सांसद श्री दामोदर अग्रवाल, विधायक श्री लादू लाल पितलिया, श्री सुरेश धाकड़, श्री अशोक कुमार कोठारी, श्री गोपाल लाल, श्री उदयलाल भडाणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, आमजन एवं ड्यूंस एविएशन एकेडमी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### BJP सांसद की पत्नी हुईं डिजिटल अरेस्ट, गंवा दिए लाखों रुपए

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वो 14 लाख रुपये वापस करा दिये हैं जो चिक्काबल्लापुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद के. सुधाकर की पत्नी प्रीति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे ऐंठ लिए गए थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 अगस्त को हुई थी। 'डिजिटल अरेस्ट' एक साइबर घोटाला है जिसमें धोखेबाज पुलिस या प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों का रूप धारण करते हैं और पीड़ितों को व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के माध्यम से यह दावा करते हुए धमकाते हैं कि उन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जनता के पैसे से मूर्ति बनाने वाली सोच पर स्ट्राइक! सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** DNA का ये विश्लेषण सीधा आपसे यानी आम आदमी से जुड़ा है. आप जो टैक्स भरते हैं उस पैसे से जुड़ा है. आपने अपने ही शहर में ना जाने कितने नेताओं की मूर्तियां देखी होंगी शहर के मुख्य चौक चौराहों पर पुराने और नए दौर के नेताओं के स्टैच्यू बने होते हैं। ये सारी मूर्तियां जनता के पैसों से ही बनती हैं। लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने जनता के पैसे से मूर्ति बनाने वाली सोच पर स्ट्राइक की है।

### कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, 7 की मौत:सड़कों-घरों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई। शहर की कई सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गई हैं। वहीं घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी भरा है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा- मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है।

## टॉप-3 कंपनियों ने एक दिन में 51 हजार कारें बेचीं

# GST घटने से दाम 4 साल पहले के बराबर हुए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देश की टॉप 3 ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51 हजार से ज्यादा कारें बेचीं। GST की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह से कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई हैं। इसके अलावा कंपनियां 10% से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। कारें सस्ती होने के बाद कंपनियों ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है।

मारुति ने 22 सितंबर को करीब 30,000 कारें बेचीं और 80,000 लोगों ने गाड़ियों की डिटेल्स पूछीं। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि ये पिछले 30 सालों का सबसे शानदार रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15% सस्ते हो गए, जिससे मिडिल क्लास फैमिली वाले शोरूम में पहुंच गए।

हुंडई ने नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो पिछले 5 साल का उसका सबसे अच्छा एक दिन का रिकॉर्ड है। कंपनी के अनुसार, ग्रैंड i10 नियोस और क्रेटा की सबसे ज्यादा मांग रही। एक डीलर ने बताया कि टैक्स कम होने से सुबह से ही शोरूम में भीड़ लग गई थी।

टाटा ने पहली एक दिन में 10,000 से ज्यादा कारें डिलीवर कीं। नेक्सॉन और पंच जैसे SUV मॉडल्स की सबसे ज्यादा डिमांड रही। टाटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि ये शुरुआत है और आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ेगी।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया, फाइनल की उम्मीद रखी जिंदा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** शाहीन शाह अफरीदी और हुसैन तलत की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी।

भारत के खिलाफ पिछले मैच में शिकस्त झेलने वाले पाकिस्तान ने श्रीलंका के 134 रन के लक्ष्य को मोहम्मद नवाज (नाबाद 38 रन, 24 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) और तलत (नाबाद 32 रन, 30 गेंद, चार चौके) के बीच छठे विकेट की 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 18 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### श्रीलंका को अच्छी साझेदारी के लिए जूझना पड़ा

श्रीलंका को अच्छी साझेदारी के लिए जूझना पड़ा। टीम की ओर से कामिंदु मेंडिस 44 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से 50 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने चमिका करुणारत्ने (नाबाद 17) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी भी रही। कामिंदु के अलावा सिर्फ कप्तान चरिथ असलंका (20) ही 20 रन के स्कोर को छू पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान (24) और फखर जमां (17) की सलामी जोड़ी ने 45 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई।

## मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

# पहला नेशनल अवॉर्ड लेकर भावुक दिखे शाहरुख, उन्हें और विक्रांत को बेस्ट एक्टर, रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स दिए गए। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर और रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।

मलयाली एक्टर मोहनलाल को फिल्म जगत में उनके योगदान के लिए हिंदी सिनेमा के सबसे गौरवपूर्ण दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शॉल पहनाई और गोल्डन लोटस अवॉर्ड दिया। इस दौरान मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला।





शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12th फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। मंच पर पहुंचे शाहरुख खान ने हाथ जोड़कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिवादन किया। अवॉर्ड लेते हुए वो भावुक नजर आए। रानी मुखर्जी को मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख, विक्रांत और रानी तीनों के करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है।


मलयाली एक्ट्रेस उर्वशी को ओलूझुक्कू के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड दिया गया है, ये अवॉर्ड उन्होंने वश (गुजराती) फिल्म एक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला से साझा किया है।

शाहरुख के नेशनल अवॉर्ड जीतने पर बेटी सुहाना की भावुक पोस्ट सुहाना खान ने शाहरुख की सिल्वर लोटस अवॉर्ड पहने हुए एक तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'आप हमेशा कहते थे कि सिल्वर कभी जीता नहीं जाता, गोल्ड ही खोया जाता है, लेकिन यह सिल्वर तो हमारे लिए गोल्ड है। आपको यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए देखकर हमारे दिल भर आए हैं। बधाई हो पापा। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' शाहरुख खान की फिल्म जवान के गाने चलेया के लिए शिल्पा राव को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इसके अलावा फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने ढिंढोरा बाजे रे के लिए वैभवी मर्चेंट को बेस्ट कोरियोग्राफी अवॉर्ड मिला है।

## टेलीप्रॉम्प्टर-एस्केलेटर खराब होने पर ट्रंप ने ली चुटकी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में भाषण दिया। 2020 के बाद यह उनका पहला संबोधन था। भाषण की शुरुआत में ही उन्हें तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यूएनजीए में टेलीप्रॉम्प्टर खराब हो गया और एस्केलेटर बीच में रुक गया। ट्रंप ने मजाक करते हुए कहा, 'जो भी इसे चला रहा है, वह बड़ी मुसीबत में है।' जिस पर पूरा हॉल हंस पड़ा। ट्रंप ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र से मुझे बस एक एस्केलेटर मिला जो ऊपर जाते समय बीच में ही बंद हो



गया, और फिर एक टेलीप्रॉम्प्टर जो काम नहीं कर रहा था। अगर प्रथम महिला अच्छी स्थिति में नहीं होतीं, तो वह गिर जातीं। हम दोनों अच्छी स्थिति में हैं। हम दोनों खड़ो रहे।'

राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा, 'मुझे बिना टेलीप्रॉम्प्टर के यह भाषण देने में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि टेलीप्रॉम्प्टर काम नहीं कर रहा है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी इस टेलीप्रॉम्प्टर को चला रहा है, वह बड़ी मुसीबत में है।' भाषण शुरू होने के लगभग 10 मिनट बाद, ट्रंप ने कहा कि टेलीप्रॉम्प्टर काम करने लगा है। हालांकि, ट्रंप ने नोट्स से पढ़ना जारी रखा।




# संकट में पहाड़ियों का अस्तित्व, पर्यावरण बचाने को भरी हूंकार

## आदिवासी क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना निरस्ती की मांग





**बढ़ता राजस्थान**

**सिरोही(नि.स.)।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त करने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने रोष जताया। कहा कि आदिवासी क्षेत्र को बचाए रखने की आवश्यकता है। खनन परियोजना से पहाडि़यों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। इन ऐतिहासिक पहाडि़यों को बचाए रखने के लिए खनन परियोजना को निरस्त किया जाना चाहिए। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पंचायत समिति सदस्य बलवंत चौधरी (भारजा), रतनलाल गरासिया, राकेश देवासी, भरत राजपुरोहित, राजू जणवा, राजू चौधरी, रमेशकुमार घांची, खेताराम गमेती, मेवाबाई, गजाराम घांची, पदमाराम घांची, राजू घांची, उड़ता सूरज संगठन से भरत चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### आंदोलन तेज किया जाएगा

प्रदर्शन के दौरान वाटेरा सरपंच सविता देवी ने कहा कि जनता एकजुट है इस परियोजना को हर हाल में रद्द करवाया जाएगा। सरकार को क्षेत्र के भविष्य से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देंगे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि परियोजना को निरस्त नहीं करने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### दबाव में काम करने का आरोप

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजनेताओं के दबाव में कार्य किया जा रहा है, जिससे आदिवासी जीवन संकट में है। परियोजना के लिए आयोजित जनसुनवाई भी महज औपचारिकता के लिए लगाई गई थी। ग्रामीणों की ओर से लिखित में प्रस्तुत की गई आपत्तियों को भी गंभीरता से नहीं लिया गया।

### पहाड़ खत्म होंगे तो आदिवासी उजडेंगे

ग्रामीणों ने बताया कि पिण्डवाड़ा तहसील में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना का लगातार विरोध किया जा रहा है। चेतावनी दी है कि किसी भी हाल में पिण्डवाड़ा की ऐतिहासिक पहाडि़यों को खनन की भेंट नहीं चढने देंगे ग्रामीणों का कहना हैं कि इस परियोजना से क्षेत्र की पर्यावरणीय और सामाजिक, आर्थिक व भौतिक संरचना को गंभीर खतरा है। पहाड़ खत्म हो जाएंगे तो खेती-बाड़ी चौपट हो जाएगी और आदिवासी समाज उजड़ जाएगा।

### गोपनीय करना चाह रहे थे जनसुनवाई

उल्लेखनीय है कि गत 19 सितम्बर को भीमाना पंचायत भवन में आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान भी ग्रामीणों ने विरोध जताया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनसुनवाई की सूचना छिपाई गई और छोटे कक्ष में आयोजन किया गया। भारी विरोध के बाद प्रशासन को बैठक के लिए बाहर टेबल-कुर्सियों लगानी पड़ी। ग्रामीणों ने उस दौरान सौ से ज्यादा लिखित आपत्तियां दर्ज कराते हुए परियोजना को जनविरोधी बताया था।

## फतेहसिंहपुरा में नवरात्रा स्थापना के साथ आरंभ हुआ धार्मिक उत्सव



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ तहसील क्षेत्र में नवरात्रि के पावन अवसर पर घर-घर और मंदिरों में माता दुर्गा व हनुमान जी की स्थापना और पूजा-अर्चना की गई। भक्तजन सुबह से ही तैयारियों में जुटे और विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। फतेहसिंहपुरा रेल्वे स्टेशन स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर और बाईजट्ट गांव मार्ग पर स्थित पुलिया वाले हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ के साथ नवरात्रा का शुभारंभ हुआ। पंडित रामनिवास शर्मा और भोला शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक हनुमान जी की स्थापना कराई और सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर रिपूधन मीना, अमरसिंह मीना, रजनीश मीणा, भोला मीना, देवीसिंह मीना, यतेश मीना, बिल्ला पटेल, कुलराज मीना, पुखराज मीना, राजीव मीणा, राजेश मीना, रिंकू मीना, सुरेश मीना, नरसी प्रजापत, रामनिवास मीना, दीपक चौहान, नव्याशं, अन्नत, सत्येन्द्र और वीरेंद्र सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टीकाकुंड हनुमानजी मंदिर पर दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी पूजा अर्चना सम्पन्न



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** टीकाकुंड हनुमान मंदिर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत नवरात्र स्थापना के दूसरे दिन मंगलवार को मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुई। दुर्गा पूजा महोत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष विष्णु जिंदल और अशोक सहारा ने बताया कि पूजा का आयोजन आचार्य विकास शास्त्री के मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। इससे पहले पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना हुई थी, जिसमें भक्तों ने मैया की पोशाक सोनू रामपुरा के माध्यम से भेंट की थी। ब्रह्मचारिणी की महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर समिति के दिनेश भारद्वाज, कैलाश गुप्ता, मनोज अध्यापक, अनीता पाठक, रिंकू सैन, मोहित झाम, सचिन, सुनील, लक्ष्मीकांत सैन, वीरेंद्र वर्मा, रामगोपाल शर्मा, इंद्रा चौधरी, मितलेश चौधरी, अंशु गुप्ता और कमलेश शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार का द बोहराज ग्लोबल स्कूल में भव्य स्वागत

**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मेंहदी बालाजी के थानाधिकारी बने सुरेश कुमार जी का द बोहराज ग्लोबल स्कूल द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया। स्कूल के निदेशक विनय बोहरा और सह-निदेशक विकास बोहरा ने उन्हें फूलों की माला, पारंपरिक साफा और मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। नवरात्रि जैसे पावन दिन पर जॉइनिंग करने के अवसर को सुरेश कुमार जी ने सौभाग्यपूर्ण बताया। इस शुभ अवसर पर निदेशक विनय बोहरा, सह-निदेशक विकास बोहरा, बालाजी विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश जी, भूपेंद्र और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। जॉइनिंग के पहले दिन ही इतना भव्य स्वागत पाकर सुरेश कुमार जी अभिभूत नजर आए।



## जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन को सफल बनाने हेतु प्रभारी नियुक्त



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए राजस्थान समग्र शिक्षक संघ, जिला शाखा करौली की बैठक जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार की अध्यक्षता में मीणा धर्मशाला, सपोटरा में आयोजित की गई। जिला मंत्री मदन मोहन तिवाड़ी ने बताया कि अधिवेशन 26 सितंबर 2025 को मीणा धर्मशाला सभा भवन, सपोटरा में प्रात: 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च, जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा और जिला मंत्री मदन मोहन तिवाड़ी उपस्थिति रजिस्टर संधारण, संभागीय शिक्षकों को डीएल देने, व्यवस्था बनाने और देखरेख करने के प्रभारी होंगे। जिला कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार शर्मा को मंच संचालन की जिम्मेदारी दी गई। करौली उपशाखा प्रभारी बाबूलाल मीणा, राममूर्ति शर्मा; हिण्डौन उपशाखा प्रभारी उमेश सिंह डागुर, अमर सिंह मीणा; मण्डरायल उपशाखा प्रभारी काशीराम मीणा, रामकुमार नंदवानिया; सपोटरा उपशाखा प्रभारी हंसराज एकट, देवी सिंह बैरवा; टोडाभीम उपशाखा प्रभारी घनश्याम मीणा; नादौती उपशाखा प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार मीणा; मासलपुर उपशाखा प्रभारी प्रेम सिंह मीणा को नियुक्त किया गया।

## मां पदमावती डांडिया-2025 का आगाज

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** तरूण प्रभावना फाउण्डेशन गुरू परिवार की ओर से हिरणमगरी से 4 स्थित घूमर गार्डन में मां पदमावती डांडिया-2025 का शुभारंभ किया गया, जो लगातार चलने वाला कार्यक्रम है। राजस्थान ट्रस्ट प्रभारी राजकुमार जैन ने बताया कि विगत 5 वर्षों से यह कार्यक्रम संस्थान द्वारा नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक रमेश दोशी, मुख्य अतिथि सोनिका पाल, आशीष मेहता, संस्थान के अध्यक्ष विमल नाथुत और तरूण प्रभावना फाउण्डेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार अखावत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पगड़ी, माला, उपरना पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## सूरौठ में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई, घनश्याम गोयल बने अध्यक्ष, दीपक सिंघल युवा अध्यक्ष

**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ तहसील मुख्यालय स्थित अग्रसेन वाटिका में अग्रसेन जयंती बड़े उल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जिसमें प्रधान कलश की बोली 31,000 रुपए में नारायण लाल सिंघल के नाम रही। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होकर अग्रसेन वाटिका लौट आई, और रास्ते में जगह-जगह समाज के बंधुओं ने इसका स्वागत किया।

इस मौके पर समाज के नवीन चुनाव हुए, जिसमें मैन अध्यक्ष पद पर घनश्याम गोयल और युवा अध्यक्ष पद पर दीपक सिंघल निर्विरोध चुने गए। दोनों अध्यक्षों का माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरकारी सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं को भी शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अग्रवाल समाज करौली के जिला मंत्री देवानंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, तहसील अध्यक्ष सतीश जिंदल, समाज के अध्यक्ष घनश्याम गोयल, महामंत्री विष्णु मंगल, पूर्व अध्यक्ष केदार लाल गुप्ता, समाजसेवी घनश्याम गोयल, अखलेश गोयल, मंगेश गुप्ता, बबलू गोयल, कैलाश सिंघल, नारायण लाल सिंघल, विष्णु मित्तल, राजेश जिंदल, संतोष नागरिया, मुकेश खिरक, भूपेश जिंदल, सत्तों पिलोदिया, सतीश पिलोदिया, संजय जिंदल, मनीष जिंदल, पवन बंसल, युवा अध्यक्ष राहुल नागरिया, महामंत्री पिंटू गोयल, कोषाध्यक्ष पंकज और गणेश सिंघल सहित बड़ी संख्या में समाज के बंधु उपस्थित रहे।

## महावीर जैन जागृति परिषद् 28 सितम्बर को करेगी उपनगरीय क्षेत्र के 100 तपस्वियों का अभिनंदन

**बढ़ता राजस्थान**

**उदयपुर (नि.स.)।** हिरण मगरी उपनगरीय परिक्षेत्र में सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन जागृति परिषद् द्वारा 28 सितम्बर को सेक्टर 3 स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रांगण में दोपहर 2 बजे तपस्वी अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। कोर कमेटी प्रमुख हिम्मत लाल वया और संयोजक आर.सी. मेहता ने बताया कि इस वर्ष चार्तुमास काल में आठ या अधिक उपवास की तपस्या करने वाले लगभग 100 तपस्वी श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों सुशील बांठिया और राजेन्द्र डांगा ने बताया कि इस अवसर पर उपनगरीय क्षेत्र के सभी जैन संघों और संस्थाओं के अध्यक्ष व मंत्रियों को उनके समाज व परिषद् में योगदान के लिए भी सम्मानित किया जाएगा। अरुण बया और आनन्दी लाल बम्बोरिया ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए प्रमुख सदस्यों दिनेश नंदावत, हेमन्त पामेचा, राजेन्द्र अखावत सहित महिला प्रकोष्ठ की श्रीमती सरिता कावडिया, कुसुम मेहता, उषा मेहता, मोनिका माण्डावत और भोजन व्यवस्था समिति (महिला प्रकोष्ठ) कविता वया, आशा जयसिंगोत, चंचल माण्डावत, मोनिका पगारिया को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।



## पांच हजार रुपये का इनामी अपराधी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये के इनामी अपराधी केशव कोली निवासी महवा जिला दौसा हाल मुहाना को पुलिस थाना जिगानी बेंगलुरु से दस्तयाब किया गया है। आरोपित मामला दर्ज होने के बाद से जयपुर शहर से फरार होकर मुंबई,गोवा और कर्नाटक के अलग-अलग शहरों में फरारी काट रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी गुरु भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपित केशव कोली दुष्कर्म के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस टीम ने तकनीकी आधार पर पीछा करते हुए बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है।

## प्रहलाद, रामअवतार, दारासिंह को जिला कलेक्टर ने वितरित किए पट्टे

**बढ़ता राजस्थान**

जयपुर (का.स.)। ग्राम पंचायत टूमली का बांस निवासी प्रहलाद पुत्र ग्यारसीलाल, रामअवतार सैन पुत्र लादुराम, दारासिंह पुत्र करण सिंह कई वर्षों से जिन भूखण्डो पर निवास कर रहे थे। उनका पट्टा उनके पास नहीं था। इस कारण उन्हें भूखण्ड का निर्माण पूर्ण करवाने में समस्या का सामना करना पड रहा था, तथा ऋण नहीं मिल पाने के कारण आर्थिक रूप से भी वे अपने सपनों के आशियाने को बनाने में सक्षम नहीं थे। राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार दिनांक 20.09.2025 को ग्राम पंचायत टूमली का बांस में लगे ग्रामीण सेवा शिविर में इन लोगों ने उनकी समस्याओं के बारे में ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा कैम्प प्रभारी अधिकारी तहसीलदार चाकसू विपूल चौधरी को अवगत करवाया। पंचायत प्रशासन द्वारा उक्त तीनों लोगों को ग्राम पंचायत की आबादी भूमि में भूखण्डों के पट्टे तैयार करवाए गए। जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा उन तीनों ग्रामीणों को उनके कर कमलों से पट्टे जारी किए तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना नही रहा।

## वैदेही को वर लाये श्रीरामः प्रागपुरा में रामलीला का रंगारंग मंचन

**बढ़ता राजस्थान**

**प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन जारी है। सोमवार की रात को भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का भव्य आयोजन प्रस्तुत किया गया। जनकपुरी में प्रभु श्रीराम का विवाह जनक पुत्री सीता, लक्ष्मण का उर्मिला, भरत का माण्डवी और शत्रुघ्न का श्रुतकीर्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल, समाजसेवी सतीश पारिक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मदन लाल सैनी ने कन्यादान स्वरूप नगद राशि और वस्त्र दान देकर वर्षों पुरानी परंपरा निभाई। भामाशाह अमित बंसल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में समाज को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में मानवता के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मदन लाल सैनी ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हमें न केवल श्रीराम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का ज्ञान मिलता है, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाकर आदर्श समाज का निर्माण भी किया जा सकता है। आदर्श रामलीला मंडल कमेटी की ओर से तीनों भामाशाहों का माला, साफा पहनाकर और भगवान श्रीराम का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। मंचन में राजा दशरथ की भूमिका बद्री प्रसाद सैनी ने, भगवान श्रीराम की भूमिका अभिषेक ने, लक्ष्मण की भूमिका हरीश जांगिड़ ने और जनक की भूमिका मुकेश शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर कमेटी संरक्षक राधेश्याम जांगिड़, अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, व्यवस्थापक राजेंद्र जांगिड़ सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे। दर्शक कंवर-कलेवा की लीला देखकर भाव-विभोर हो उठे।

अवैध क्लीनिकों में मिले मरीज, चढ़ रही थी ड्रिप

# स्वास्थ्य विभाग की छापामार कार्रवाई, टीम ने एक साथ तीन जगह पकड़े झोलाछाप

**बढ़ता राजस्थान**

सिरोही(नि.स.)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिण्डवाड़ा ब्लॉक में एक साथ तीन जगह छापामार कार्रवाई करते हुए झोलाछाप पकड़े। इन अवैध क्लीनिकों पर न केवल मरीज भर्ती मिले, वरन् उनके ड्रिप भी चढ़ती मिली। टीम ने तत्काल ही कार्रवाई करते हुए अवैध क्लीनिकों को सीज किया तथा बगैर डिग्री उपचार कर रहे झोलाछाप के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया।

### पिण्डवाड़ा शहर में ही दो क्लीनिक पकड़े

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश खराड़ी ने बताया कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत मंगलवार को पिण्डवाड़ा ब्लॉक में तीन जगह अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्रवाई की गई। इसमें पिण्डवाड़ा में उदयपुर रोड व दो व अजारी में एक क्लीनिक पर छापा मारा गया। विभागीय टीम ने अजारी गांव व उदयपुर रोड पिण्डवाड़ा में दबिश दी। इस दौरान अजारी में मंतोष विश्वास एवं उदयपुर रोड पर कमलेश व बीके विश्वास नामक व्यक्ति बिना वैध चिकित्सकीय डिग्री के क्लीनिक संचालित करते हुए मिले।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये लोग लंबे समय से ग्रामीणों को गुमराह कर अवैध तरीके से इलाज कर रहे थे। विभागीय अधिकारियों को जांच के दौरान इन क्लीनिकों से बड़ी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन, ड्रिप सेट और अन्य चिकित्सकीय उपकरण् मिले, जिनको जब्त कर लिया गया। यह सामग्री बिना किसी लाइसेंस और मान्यता के उपयोग में लाई जा रही थी। बीसीएमओ डॉ. भूपेन्द्रप्रताप सिंह के नेतृत्व में डॉ. मनीष भार्गव, बीपीएम रोहिताशकुमार, अशोककुमार, दिलीपकुमार टीम में शामिल रहे।





## पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम की बैठक हुई संपन्न



**बढ़ता राजस्थान, जयपुर, (का.स.)।** जयपुर जिला देहात दक्षिण मे धानक्या में होने वाले पंडित दिन दयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम को लेकर अहम बैठक जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रदेश से राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि हम सभी को अधिक से अधिक लोगों तक दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में पहुंचना है। जिला अध्यक्ष राजेश गुजर द्वारा शिवजी राम कुमावत को इस कार्यक्रम का जिला संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर यादव को सह संयोजक व कमलेश शर्मा को सह संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया। बैठक मे कालवाड मंडल अध्यक्ष सुंडा राम निठरवाल, जॉबनेर मंडल अध्यक्ष पंकज जोया, प्रताप गौरा, योगेश शर्मा व झोटवाडा पूरब मंडल महामंत्री दुष्यंत राठौड़ सहित जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

## 69 वी जिला स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर (का.स.)।** उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर राजा पार्क में जिला स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । मलखंब प्रशिक्षकों ने बताया कि मलखान भारत का प्राचीन खेल है यह महाभारत के समय से खेल आ रहा है मलखान को बढ़ाने में क्रीड़ा भारती अहम भूमिका निभा रही है । जिसमें मुख्य अतिथि सांगानेर महानगर कीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मोहित टेलर ,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रिता भार्गव पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष और अजय पारीक विप्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष एवं लघु भारती के सांगानेर इकाई उपाध्यक्ष साथ स्थानीय विद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव संजीव भार्गव जी एवं प्रधानाचार्य राजेंद्र गुप्ता प्रतियोगिता संयोजक सत्यवीर योगी,सांगानेर महानगर कीड़ा भारती सहसंयोजक एवं निर्णायक मंडल उपस्थित रहे कुल 25 विद्यालयों ने भाग लिया ।



## फुलेरा पुलिस की कार्यवाही, स्कूटी चोरी की वारदात का किया खुलासा, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान, फुलेरा (नि.स)।** स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए स्कूटी चोरी की वारदात का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। साथ ही चुराई गई स्कूटी को जप्त की गई हैं। जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 22 सितम्बर को परिवादी ने पुलिस थाना फुलेरा पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की स्वामित्व व आधिपत्य की होण्डा एक्टिवा स्कूटी जो 21 सितम्बर को प्रात: हलवाई बाजार फुलेरा में दौलत चौधरी पार्षद के मकान के सामने खडी करके गया था तथा शाम को वापिस आकर स्कूटी संभाली तो मौके पर मोजुद नहीं थी। उसके बाद मैनें अपने स्तर पर काफी तलाश करली लेकिन मेरी स्कूटी कहीं नहीं मिली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों को शिघ्र गिरफ्तार कर स्कूटी बरामद करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा चन्द्र प्रकाश व थानाधिकारी सांभरलेक राजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अथक प्रयास कर आरोपी की पहचान कर मुल्जिम मुकेश बलाई 24 निवासी पुराना फुलेरा पांचबत्ती चौराहा को डिटेन कर पूछताछ की गई तो चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की गयी स्कूटी को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण में आरोपी से अनुसंधान जारी है।

## आभावास में रामलीला का हुआ भव्य शुभारंभ

**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** ग्राम पंचायत आभावास में स्थित बुगलेवाले बालाजी मंदिर परिसर में 11 दिवसीय रामलीला शुभारंभ आभावास प्रशासक पांची देवी ने फीता काटकर रामायण की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। ओंकारमल जांगिड़ ने बताया कि रामलीला के दूसरे दिन मंगलवार को जय मां जीण भवानी कला मंडल सीलन वाद जिला नागौर के कलाकार द्वारा राम जन्म की लीला का मंचन किया गया।जिसमें श्री राम जन्म लेने पर अयोध्या में खुशियां मनाई गई । इस अवसर पर शंकर लाल महर्षि, बलराम सैनी,पूरणमल सैनी, कैलाश सोनी , गोविंद नारायण,मातादीन सोनी, हर्ष नारायण शर्मा,कानाराम सीगड़, सुवालाल मनोहर राधेश्याम अग्रवाल अर्जुन सिंह, रवि जांगिड़ विशाल सेन,आदि आसपास की ढाणीयों से पुरुष महिलाएं बच्चे आदि उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को शहर के राकेश कुमार भातरा को जिला स्तर कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। राकेश कुमार भातरा निकटवर्ती बावड़ी ग्राम में आयुर्वेदिक औषधालय में वरिष्ठ कंपाउंडर है। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर सीकर में आयोजित कार्यक्रम में उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग सीकर के महेश कुमार सोनी ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर कैलाश चंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। राकेश कुमार को यह सम्मान मिलने पर अनेक लोगों ने बधाई थी।

# आत्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय रबी फसल बुवाई पूर्व कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बढ़ता राजस्थान**

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** ग्राम सिंगोद कला में आत्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय रबी फसल बुवाई पूर्व कृषक गोष्ठी का आयोजन उपनिदेशक एवं पदेन परियोजना निदेशक भगवान सहाय यादव तथा कानाराम यादव के सानिध्य में आयोजित किया गया।

कृषक गोष्ठी के बीटीटी सहयोजक डॉक्टर हीरालाल यादव सहायक कृषि अधिकारी गोबिंदगढ़ ने गोष्ठी का शुभारंभ कृषि विभाग की उन्नत तकनीकी की चर्चा के साथ किया तथा किसानों को अधिक से अधिक कृषि विभाग से जुडक़र नई तकनीकी तथा अनुदान प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। भगवान सहाय यादव ने आत्मा योजना अंतर्गत कृषक पुरस्कार,कृषक भ्रमण, तथा रबी फसल की बुवाई पूर्व होने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की। कानाराम यादव ने जैविक विधि से कृषि उत्पादन करना तथा रासायनिक प्रभाव के साइड इफेक्ट के बारे में किसानों को बताया। रींगस सहायक कृषि अधिकारी सतपाल यादव ने किसानों को तारबंदी, फार्म पोण्ड, कृषि यंत्र, सिंचाई पाइपलाईन विभाग द्वारा देय अनुदान के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक नवल किशोर गुप्ता ने किसानों को बागवानी का उज्जवल भविष्य तथा बागवानी पर विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक अजय बागड़ा ने कृषि विभाग द्वारा देय अनुदान को प्राप्त करने हेतु किसान को ऑनलाइन आवेदन करने की संपूर्ण प्रक्रिया तथा किसान सुविधा ऐप से किसान घर बैठे कृषि विभाग से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में चर्चा की।आत्मा योजना अंतर्गत कृषक गोष्ठी में क्षेत्र के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

सहायक कृषि अधिकारी हस्तेडा जगदीश प्रसाद शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र सैनी, संतोष यादव, रेखा शर्मा, प्रताप सिंह आदि भी उपस्थिति रहै। कृषक गोष्ठी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई उसमे सभी कृषक उत्साहित होकर प्रश्न नौ के जवाब दिए बाद सभी किसानों को भोजन करवा कर गोष्ठी का समापन किया गया।

## राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक



**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर, (का.स.)।** दिनांक 23.09.2025 को जिला कलक्टर जयपुर से प्राप्त निर्देशों की पालना में उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार ने पंचायत समिति दूदू सभागार भवन में राजस्व विभाग के पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक एवं कृषि पर्यवेक्षक, सहायक कृषि अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खरीफ फसलों की गिरदावरी को आगामी तीन दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। साथ अतिवृष्टि से हुऐ नुकसान का सर्वे कर डीएमआईएस पोर्टल पर डेटा अद्यतन की समीक्षा की। सहायक कृषि अधिकारी दूदू ने अवगत कराया कि कृषि विभाग को आवंटित कुल 119 क्रोप कटिंग प्रयोगों का निस्तारण किया जा चुका है। राजस्व विभाग को आवंटित कुल 112 क्रोप कटिंग प्रयोगों का निस्तारण दो दिवस में किये जाने के निर्देश प्रदान किये गयें। ग्रामीण एवं शहरी सेवा षिविरों की प्रगति समीक्षा की गई एवं समस्त को निर्देशित किया गया कि अधिकतम आमजनों को राजकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जावें। राजस्व न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की रिपोर्ट एंव कुर्रेजात की रिपोर्ट समयबद्ध रूप से भिजवाने के निर्देश प्रदान किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति समीक्षा की तथा आगामी बैठक में फसल बीमा कम्पनी प्रतिनिधि को आवश्यक रूप से विगत तीन वर्षो में फसल बीमा से लाभान्वितों की सूची प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में उपखण्ड अधिकारी दूदू रमेश कुमार, तहसील दूदू मदन परमार, उप तहसीलदार साखून कैलाश चन्द जोशी उपस्थित रहे।

## रघुनाथपुरा मे महाराजा अग्रसेन जयंती बडे धूमधाम से मनाई गई



**बढ़ता राजस्थान**

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कोटपूतली के ग्राम रघुनाथपुरा मे अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल की अगुवाई में 5149 वी महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। सबसे पहले महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलीत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अग्रवाल ने बताया की महाराजा अग्रसेन ने एक रूपया व एक ईट का सिद्धान्त लागु किया था। समिति के सचिव एडवोकेट विकास अग्रवाल ने बताया महाराजा अग्रसेन पूरे विश्व को समाजवाद का पाठ पढाया। कार्यवाहक अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा की महाराजा अग्रसेन के पद चिन्हो पर चलने का आह्वान किया। समिति के कोषाध्यक्ष शुभम मंगल ने आगन्तुको का आभार जताया। समिति के उपाध्यक्ष रूपेश मंगल ने बताया की समाज के प्रतिभावान छात्रा गायु अग्रवाल, वंश अग्रवाल व लक्ष्यखण्डेलवाल का माला अग्रसेन का पटका डाला व मुभेन्टो देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस दौरान हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। पंडित राकेश शर्मा ने विधिविधान से पुजा अर्चना करवाई।इस अवसर पर एडवोकेट राजेश यादव, राजेश मंगल, कमलेश मंगल, हीरालाल सिंघल सुरेन्द्र गोयल, रितेश कुमार अग्रवाल व रितेश मंगल मुकेश खण्डेलवाल काँग्रेस नेता रामनिवास यादव कोटपूतली, पूर्व चेयरमैन प्रकाशचन्द सैनी, पूर्व सरपंच शिम्भुदयाल मीणा, रोहीताश नेताजी,अनिल शर्मा आदी लोग इस अवसर पर मौजुद रहे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में मनाया गया दसवां आयुर्वेद दिवस





**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर, (का.स.)।** 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर में भगवान धन्वंतरि की पूजा एवं हवन किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया की आज से हर साल 23 सितंबर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस साल आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम पर मनाया जा रहा है। देश मे आयुर्वेद दिवस पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम गोवा में आयोजित किया गया है। 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सभी विभागों द्वारा आयुर्वेद के माध्यम से आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और जनजागरूकता के लिये जयपुर ओर ग्रामीण इलाकों में निःशुल्क शिविर लगाने के साथ आयुर्वेद जागरूकता रैली निकाली गई है। आयुर्वेद दिवस पर संस्थान में आयोजित पूजा में कुलपति प्रो संजीव शर्मा, प्रो. पी हेमन्ता, संयुक्त निदेशक जे.पी. शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. अनुपम श्रीवास्तव के साथ सभी चिकित्सकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## युथ ग्रुप के तत्वाधान में गरबा महोत्सव का आगाज



**बढ़ता राजस्थान**

**फुलेरा (नि.स)।** स्थानीय एलबीएस कॉलोनी में युथ ग्रुप के सानिध्य में गरबा महोत्सव का आगाज शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में किया गया। जिसमें स्थानीय युवाओं और समाज के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि राजकुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि दिलीप सैन ने मां जगदम्बे की पूजा अर्चना की और फीता काटकर महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल हुए। जिनमें दिनेश नायक, कृष्णकांत वर्मा, अमित तंवर, गिराज तंवर, देवराज वर्मा, आर्यन राज वर्मा, रिशु तंवर, गणेश सांभरिया, हैप्पी अमलोवा, शाहिद खान और हर्ष सांभरिया शामिल थे। इसके अलावा अन्य स्थानीय लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और महोत्सव की भव्यता में योगदान दिया। जानकारी देते हुए यूथ ग्रुप के देवराज वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में सांस्कृतिक चेतना और समुदाय में भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में गरबा नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय परंपराओं को जीवंत रूप से पेश किया गया। देवराज ने अधिक से अधिक संख्या में मातृ शक्तियों और युवा बंधुओं को कार्यक्रम में पधारकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।


**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ.**
**समग्र शिक्षा शिक्षा संकुल, निवाई (टोंक)**

mail.cbeo.newai@gmail.com Phone N0 94607200190

क्रमांक : सी.बी.ई.ओ / निवाई / 2025 / 99 दिनांकः– 19.09.2025

UBN No. :- EED2526GSOB00549
NIB No. :- EED2526A0505

निविदा सूचना 02 / 2025–26

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश क्रमांक :– रा.स्कू.शि.प. / जय / प्रशिक्षण / 04352 / 2025–26 / 17425827 दिनांक 27.08.2025 एवं श्रीमान अति.जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा टोंक के आदेश क्रमांक :–समसा / टोंक / प्रशिक्षण / 2025–26 / 170 दिनांक 17.09.2025 की अनुपालना मे प्रशिक्षण / अन्य गतिविधिया आयोजित किये जाने हेतु इस कार्यालय मे सत्र 2025–26 के लिये निम्न कार्य हेतु यथोचित श्रैणी मे पंजिकृत फर्मो / अधिकृत विक्रेताओ / अधिकृत सेवा प्रदाता फर्मो से निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय में निर्धारित शुल्क रू 200 / जमा करवाकर कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है या http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्रं. सं. | निविदा कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र आंमत्रित करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चाय, अल्पाहार, भोजन, एवं पेयजल व्यवस्था | 500000 | 10000 | 200 | 19.09.2025 से | 26.09.2025 प्रातः 11.00 तक | 26.09.2025 दोपहर 12.00 |

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवम पदेन बीआरसीएफ
समग्र शिक्षा अभियान निवाई टोंक

## सम्पादकीय

# उपभोक्ता और उद्योग, जीएसटी में सुधार का जल्द दिखेगा असर




जीएसटी में सुधार के तहत जो रियायत दी गई, उस पर अमल शुरू हो गया और प्रधानमंत्री ने इस अवसर को बचत उत्सव की संज्ञा दी। उन्होंने लोगों से यह अपील भी की कि वे स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें। ऐसा होना भी चाहिए, लेकिन क्या हमारे उद्योग उपभोक्ताओं की जरूरत की सभी वस्तुओं का निर्माण कर पा रहे हैं और क्या उनकी गुणवत्ता विश्वस्तरीय है? इन प्रश्नों के समक्ष है हमारा उद्योग जगत।

उसके कारण ही चीनी वस्तुओं पर निर्भरता खत्म होने का नाम नहीं ले रही है और चीन के साथ व्यापार घाटा कम नहीं हो पा रहा है। ऐसा नहीं है कि स्वदेशी की राह पर चलने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की बातें अभी की जा रही हैं। इन बातों पर कोविड महामारी के दौरान ही बल दिया जाने लगा था, लेकिन नतीजे अपेक्षा के अनुरूप नहीं निकले।

इसका मुख्य कारण है भारतीय उद्योग जगत की शोध एवं विकास के प्रति अनिच्छा। शोध एवं विकास के अभाव में ही वह वैसे नवाचार नहीं कर पा रहा है, जैसे अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियां करती हैं और जिनमें हमारे युवाओं को नौकरियां पाने में आसानी होती है। शोध एवं विकास का अभाव तब है, जब बड़े उद्योगों के पास धन की कहीं कोई कमी नहीं।

यह चिंता की बात है कि भारतीय उत्पाद विश्व बाजार में अपना स्थान नहीं बना पा रहे हैं। यदि भारतीय उद्योग जगत विश्व बाजार में अपना स्थान नहीं बना पाएगा तो फिर भारत आत्मनिर्भर कैसे बनेगा? आत्मनिर्भरता का यह अर्थ नहीं कि भारत में निर्मित वस्तुएं केवल भारत में ही बिकें। दुर्भाग्य से अभी तो अनेक ऐसी वस्तुएं जो देश में आसानी से निर्मित हो सकती हैं, उन्हें आयात करना पड़ रहा है।

इसका एक कारण आयातित वस्तुओं का सस्ता होना भी है और भारत में निर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता संतोषजनक न होना भी। यह तकनीक का युग है और भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता किसी से छिपी नहीं, लेकिन उन्हें रोजगार के अच्छे अवसर विदेश में दिखते हैं। आखिर भारतीय कंपनियां उन्हें देश में ही रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम क्यों नहीं?

यदि वे ऐसा कर पातीं तो शायद अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा फीस में अप्रत्याशित वृद्धि चिंता और अनिश्चितता नहीं पैदा करती। सरकार एक लंबे समय से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खरा उतरने के लिए प्रेरित कर रही है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है।

यह सही समय है कि सरकार उन कारणों का पता लगाए, जिनके चलते हमारे सक्षम उद्योग भी शोध एवं विकास की राह नहीं पकड़ रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकारी तंत्र में कुछ ऐसी खामियां हैं, जिनके चलते उद्योग जगत अपने हिस्से की जिम्मेदारी का निर्वाह करने में आनाकानी कर रहा है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 24 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1688 - फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1726 - ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।
- 1789 - अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय बनाया गया।
- 1932 - डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच पुणे की यरवडा सेंट्रल जेल में 'दलितों' के लिए विधानसभाओं में सीटें सुरक्षित करने को लेकर एक विशेष समझौता हुआ।
- 1932 - बंगाल की क्रांतिकारी राष्ट्रवादी प्रीतिलता वादेदार देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली पहली महिला बनी।
- 1948 - होंडा मोटर कंपनी की स्थापना।
- 1965 - यमन को लेकर सऊदी अरब और मिस्र के बीच समझौता।
- 1968 - दक्षिण अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1971 - ब्रिटेन ने जासूसी के आरोप में 90 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया।
- 1978 - पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1979 - घाना ने संविधान अपनाया।
- 1990 - पूर्वी जर्मनी ने खुद को वारसा संधि से अलग किया।
- 1996 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1996 - व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर होने शुरू, सं.रा. अमेरिका संधि पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश।
- 2003 - फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन किया।
- 2005 - आई.ए.ई.ए. ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे को सुरक्षा परिषद को सौंपने का निर्णय लिया।
- 2007 - म्यांमार की सैन्?य सरकार के ख़िलाफ़ राजधानी यांगून में एक लाख से अधिक लोग सडक़ों पर उतरे।
- 2008 - चीन और नेपाल ने दूरसंचार के क्षेत्र में एक अहम अनुबन्?ध पर हस्?ताक्षर किया।
- कपिल देव, भारतीय क्रिकेटर को थलसेनाध्यक्ष जनरल दीपक कपूर ने एक समारोह में प्रादेशिक सेना में लेफ़्टिनेंट कर्नल की मानद पदवी प्रदान की।

## विशेष आलेख

# 21 की उम्र में संसदः क्या यही है सही समय?





प्रो. आरके जैन

भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र, अपनी जीवंतता और विविधता के लिए प्रसिद्ध है। इसकी नींव में युवा शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है, जो सामाजिक परिवर्तन का वाहक होने के साथ-साथ भविष्य को आकार देने में भी सक्षम है। एक क्रांतिकारी प्रस्ताव वर्तमान में चर्चा में है—चुनाव लडऩे की न्यूनतम आयु 25 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष करना। यह कदम न केवल लोकतांत्रिक भागीदारी को व्यापक बनाएगा, बल्कि युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करेगा।

वर्तमान में, भारत के संविधान के अनुच्छेद 84 और 173 के अनुसार, लोकसभा और विधानसभा चुनाव लडऩे की न्यूनतम आयु 25 वर्ष है, जबकि 1989 के 61वें संविधान संशोधन द्वारा मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई थी। यह बदलाव युवाओं की बढ़ती जागरूकता और उनकी लोकतांत्रिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। आज, जब भारत की 65त्न से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है (2021 जनगणना अनुमान), यह सवाल प्रासंगिक हैः क्या 21 वर्ष की आयु में युवा केवल मतदान तक सीमित रहें, या उन्हें नीति-निर्माण में भी भूमिका निभाने का अवसर मिलना चाहिए?

युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। डिजिटल युग में पला-बढ़ा भारतीय युवा तकनीकी नवाचारों, वैश्विक दृष्टिकोण और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की गहरी समझ रखता है। उदाहरणस्वरूप, 2019 के लोकसभा चुनाव में 18-25 आयु वर्ग के लगभग 15 करोड़ मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, जो कुल मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा है। फिर भी, संसद में 25-35 आयु वर्ग के सांसदों की संख्या केवल 12त्न थी (पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च, 2019)। यह असंतुलन दर्शाता है कि युवा मतदान में तो सक्रिय हैं, लेकिन नेतृत्व और नीति-निर्माण में उनकी उपस्थिति सीमित है।

चुनाव लडऩे की आयु 21 वर्ष करने से यह असमानता कम हो सकती है। युवा नेता शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण, और तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों में नवीन दृष्टिकोण ला सकते हैं। वैश्विक उदाहरण के तौर पर, न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने 37 वर्ष की आयु में 2017 में सत्ता संभालकर युवा नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन किया। उनकी जलवायु परिवर्तन और सामाजिक समावेशन की नीतियों ने विश्वव्यापी प्रशंसा प्राप्त की। भारत में भी, सचिन पायलट और तेजस्वी यादव जैसे युवा नेताओं ने अपनी क्षमता सिद्ध की है, किंतु आयु सीमा के कारण कई अन्य प्रतिभाशाली युवा नेतृत्व से वंचित रह जाते हैं। चुनाव लडऩे की न्यूनतम आयु 25 से घटाकर 21 वर्ष करने का प्रस्ताव भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और गतिशील बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम हो सकता है। इसके पक्ष में कई ठोस तर्क हैं। पहला, यदि 18 वर्ष की आयु में कोई व्यक्ति मतदान के लिए पर्याप्त परिपक्व माना जाता है, तो 21 वर्ष की आयु में वह नीति-निर्माण और नेतृत्व के लिए भी सक्षम हो सकता है। यह बदलाव युवाओं को केवल मतदाता तक सीमित न रखकर उन्हें सक्रिय निर्णय-निर्माता की भूमिका में लाएगा। दूसरा, युवा नेतृत्व ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नवीन विचारों और समाधानों को बढ़ावा देगा। उदाहरण के लिए, स्टूडेंट यूनियन चुनावों में 18-22 वर्ष के युवा अपनी संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन करते हैं। राष्ट्रीय मंच पर अवसर मिलने पर वे बड़े पैमाने पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

तीसरा, यह प्रस्ताव भारतीय राजनीति में वंशवाद और पुरानी पीढ़ी के प्रभुत्व को चुनौती देगा। देश में राजनीति अक्सर कुछ परिवारों और पुराने चेहरों तक सीमित रहती है। कम आयु में उम्मीदवारी की अनुमति से नई प्रतिभाएं उभरेंगी, जिससे राजनीति में ताजगी और विविधता आएगी। साथ ही, डिजिटल युग का युवा सोशल मीडिया और तकनीक के माध्यम से मतदाताओं से सीधे जुड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में डिजिटल प्रचार की प्रभावशाली भूमिका इसका प्रमाण है।

विपक्षी तर्कों में कहा जा सकता है कि 21 वर्ष की आयु में व्यक्ति में पर्याप्त अनुभव या परिपक्वता की कमी हो सकती है। हालांकि, यह तर्क कमजोर पड़ता है जब हम देखते हैं कि आज के युवा 21 वर्ष की आयु में स्टार्टअप्स, सामाजिक आंदोलन और वैश्विक मंचों पर नेतृत्व कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, मलाला यूसुफजई ने 17 वर्ष की आयु में नोबेल शांति पुरस्कार जीतकर वैश्विक प्रभाव डाला। दूसरा तर्क यह है कि कम आयु के उम्मीदवारों से राजनीति में अस्थिरता बढ़ सकती है। किंतु यह तर्क भी तथ्यपरक नहीं, क्योंकि नेतृत्व की क्षमता आयु से नहीं, बल्कि दृष्टिकोण, कार्यक्षमता और समर्पण से निर्धारित होती है। इस प्रस्ताव का कार्यान्वयन भारत के लोकतंत्र को और जीवंत बनाएगा। यह न केवल युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि मतदाताओं में भी उत्साह जगाएगा।

सीएसडीएस - लोकनीति के 2019 के सर्वेक्षण के अनुसार, 60त्न से अधिक युवा मतदाता चाहते हैं कि उनकी आयु वर्ग के लोग संसद में उनकी आवाज बनें। इस बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन आवश्यक होगा, जिसमें संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत और आधे से अधिक राज्यों की सहमति चाहिए। यह प्रक्रिया जटिल है, लेकिन 1989 में मतदान आयु घटाने का सफल उदाहरण इसे संभव बनाता है। इसके अतिरिक्त, इस परिवर्तन को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक सामाजिक जागरूकता और युवाओं के लिए लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता होगी।

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा: क्या सोशल मीडिया पॉलिसी बनेगी निर्णायक ढाल?



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*अभूतपूर्व विस्तार के साथ ही भारत में साइबर अपराधों की घटनाएं भी तेज़ी से बढ़ी हैं। वर्ष 2024 में देश भर में 22,845 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय हानि साइबर अपराधों से हुई, और पूरे साल में 36.37 लाख से अधिक डिजिटल वित्तीय फ्रॉड की घटनाएं दर्ज हुई।*

डिजिटल युग में साइबर अपराधों की चुनौती ने सोशल मीडिया नीति की आवश्यकता को अनिवार्य बना दिया है। फर्जी आईडी, साइबर बुलिंग, डेटा चोरी व ऑनलाइन ट्रोलिंग से युवा वर्ग प्रभावित होता है। विधेयक के माध्यम से सोशल प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बनाकर शिकायत निवारण, डेटा प्रोटेक्शन व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक विशेष आवश्यक संतुलन बनाया जा सकता है। यह प्रयास नागरिकों की आज़ादी, आत्मविश्वास और सुरक्षा को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ता है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया भारतीय युवाओं की पहचान, सूचना और संवाद का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हालिया विभिन्न सत्यापित सरकारी मीडिया रिपोर्ट आंकड़ों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या जनवरी 2025 तक 491 मिलियन पहुंच चुकी है, यानी देश की लगभग 34त्न आबादी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय है, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम और लिंक्डलिन अग्रणी हैं और इन सभी में भी इंस्टाग्राम युवाओं के मध्यस्थ काफी लोकप्रिय है । इस अभूतपूर्व विस्तार के साथ ही भारत में साइबर अपराधों की घटनाएं भी तेज़ी से बढ़ी हैं। वर्ष 2024 में देश भर में 22,845 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय हानि साइबर अपराधों से हुई, और पूरे साल में 36.37 लाख से अधिक डिजिटल वित्तीय फ्रॉड की घटनाएं दर्ज हुईं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराध देश के युवा वर्ग और परिवारों के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं।युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सबसे ज्यादा खतरा सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों, जैसे साइबर बुलिंग, ऑनलाइन हैरेसमेंट, फर्जी आईडी और डेटा चोरी से है। प्रतिवर्ष दर्ज होने वाली साइबर क्राइम घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। डिजिटल फ्रॉड, डिप्रेशन और आत्महत्या से जुड़े मामलों में भी सोशल मीडिया की भूमिका गंभीर बन गई है। विभिन्न रिपोर्टें बताती हैं कि युवा वर्ग इन अपराधों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है ।ऐसी स्थिति में सोशल मीडिया पॉलिसी विधेयक केवल विकल्प नहीं बल्कि एक अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य कदम बन चुका है। यह विधेयक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स को उनके कंटेंट, डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और अपराधों पर जवाबदेह ठहराएगा। बीते वर्षो में सरकार ने इन्टरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम जैसे कानून बनाए हैं, ताकि प्लेटफॉर्म्स फेक न्यूज, अभद्र भाषा, वित्तीय फ्रॉड और अन्य अनैतिक गतिविधियों को रोक सकें। इसके बावजूद, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार कंटेंट मॉडरेशन और डाटा सुरक्षा के लिए पारदर्शिता एवं प्लेटफ़ॉर्म्स की जवाबदेही को और सख्त करने की आवश्यकता है।




## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



जोगेन्द्र सिंह
(कॉन्स्टेबल राज.पुलिस )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज सिपाही जोगिंदर सिंह। जिला खैरथल में जन्मे जोगिंदर सिंह शुरू से ही बहुत होनहार और शिक्षित युवा रहे हैं। इनके पिता जट्टू राम गुर्जर किसान परिवार से हैं। जोगेन्द्र पांच भाई हैं। सभी शिक्षित हैं सभी भाइयों ने एमए बीएड की हुई है।9 जनवरी सन 2008 को राजस्थान पुलिस के बेड़े में कांस्टेबल के रूप में शामिल हुए हैं। अलवर जिला पुलिस में हरसोरा थाने, ट्रैफिक थाने ,महिला थाने में अपनी बेहतरीन ड्यूटी देने के बाद अकबरपुर थाने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जोगिंदर एक बेहतरीन युवा और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में जाने जाते हैं। हाल ही में अकबरपुर थाना क्षेत्र में अफीम की खेती का मामला उजागर हुआ जिसमें उनकी और उनके साथी इंद्राज की महती भूमिका रही । पुलिस के आला अधिकारियों ने इनकी अफीम की खेती के खुलासे को बेहतरीन बताते हुए रिवॉर्ड के लिए इनका नाम भी भेज दिया था। इनका मानना है कि पुलिस की नौकरी इनकी पढ़ाई के साथ-साथ अपने गुरुजनों और अपने माता-पिता के आशीर्वाद से मिली है और ईश्वर के आशीर्वाद से हम इस तरीके का काम करें कि वास्तव में अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बना रहे और किसी गरीब का दिल ना तो मन से, ना कर्म से और न वचन से दुखी हो इसका ये प्रयास करते हैं। पुलिस कर्मियों में अधिकांश गैर शिष्टाचार देखने को मिलता है लेकिन जोगिंदर सिंह गुर्जर युवा होने के साथ-साथ बेहद शिष्टाचार और आदर सम्मान शब्दों के इस्तेमाल करते हैं ऐसे में जहां पुलिस की छवि स्वच्छ और सुंदर नजर आती है वही आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# चमकदार दांतों के लिए ऐलोवेरा से करें दंतमंजन

हेल्दी रहने के लिए सही खान-पान के साथ ओरल हेल्थ का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। सुबह और रात को ब्रश करने से हम अपने मुंह की अंदरूनी सफाई करते हैं। लेकिन क्या कभी आपने दांतों की सफाई के लिए एलो वेरा के घरेलू नुस्खें को ट्राई किया है। बहुत कम लोग ही जानते हैं कि मार्केट में मिलने वाले टूथपेस्ट की जगह आप घरेलू और नेचुरल चीजों को इस्तेमाल कर सकते हैं। इनमें एलोवेरा भी एक प्रभावी और फायदेमंद उपाय है। आइए जानते हैं टूथपेस्ट की जगह एलोवेरा का किस तरह इस्तेमाल करना चाहिए और आपको इसके यूज से क्या फायदे मिल सकते हैं।

**कैसे करें एलोवेरा का इस्तेमाल**

1. माउथवॉश के रूप में -आप शुद्ध एलोवेरा जेल को नेचुरल माउथवॉश के रूप में उपयोग कर सकते हैं। बस आपको जेल की थोड़ी मात्रा लेकर इसे अपने मुंह में लगभग 30 सेकंड से एक मिनट तक घुमाएं। फिर इसे थूक दें और बाद में अपने मुंह को पानी से धो लें। यह ओरल हेल्थ को बढ़ावा देने और आपकी सांसों को फ्रेस करने में मदद कर सकता है।

2. टूथपेस्ट के रूप में -आप अपने नियमित टूथपेस्ट के साथ थोड़ी मात्रा में एलोवेरा जेल सीधे अपने टूथब्रश पर लगा सकते हैं। फिर अपने दांतों को सामान्य रूप से ब्रश करें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि एलोवेरा जेल आपके मुंह के सभी क्षेत्रों तक पहुंच जाए। यह आपके ओरल हेल्थ के साथ आपकी सेहत का भी अच्छे से ख्याल रखता है।

**ओरल हेल्थ में एलोवेरा के फायदे**

1. मुंह के सूजन और जलन को करें कम- एलोवेरा जेल में ऐसे यौगिक होते हैं जिनमें सूजन-रोधी और सुखदायक गुण होते हैं। अगर आपके मसूड़ों में सूजन या जलन है, तो प्रभावित क्षेत्र पर एलोवेरा जेल लगाने से परेशानी कम हो सकती है।

2. एंटी बैक्टीरियल गुण एलोवेरा में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए गए हैं जो ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि एलोवेरा जेल दांतों की सडऩ और मसूड़ों की बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया को रोक सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने बाहर के कामों के साथ-साथ घर के कामों के लिए भी समय निकालना होगा। जीवनसाथी की आपसे नोकझोंक होती रहेगी।

**वृष**
आज आपको अपने स्वास्थ्य के लिहाज से थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। भौतिक शुभ सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान को आप नौकरी के लिए कहीं बाहर भेज सकते हैं। आपका कई सहयोगी आपके कामों को बिगाडने की कोशिश कर सकता है।

**मिथुन**
आज आप अपने पेंडिंग कामों को आसानी से पूरा कर सकेंगे, क्योंकि आप अपने आलस्य को दूर भगाएंगे और आपके अंदर आज एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी। आपको विरोधी परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि मिल सकता है।

**कर्क**
आज आपको अपने भविष्य से जुड़ें कामों पर ध्यान लगाना होगा, क्योंकि आप लंबे समय से संबंधित समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**सिंह**
आज आप आध्यात्म के कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे और आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर परिवार के सदस्यों को हैरान करेंगे।

**कन्या**
आज आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा, जो लोग किसी बड़ी डील को फाइनल करने जा रहे हैं, तो उसमें कुछ रुकावटें आएंगी, लेकिन फिर भी आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगे। साझेदारी में आप कोई काम करने की योजना बना सकते हैं। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपने यदि किसी जोखिम भरे काम में हाथ डाला, तो इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगी। आपको अपने माता-पिता की बातों को नजरअंदाज नहीं करना है।

**मकर**
आज आपको कुछ नए संपर्क से लाभ मिलेगा और पिछली चली आ रही समस्याएं काफी हद तक दूर होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

## खेत पर कुएं से पानी खींच रहा था, तभी हो गया बड़ा हादसा; किसान की दर्दनाक मौत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में कुएं में गिरने से किसान की मौत हो गई। कुएं में पानी होने के कारण शव को निकालने में भी काफी परेशानी हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जिले के त्रिलोकपुरा गांव में हादसा सोमवार शाम उस वक्त हुआ, जब युवक अपने खेत पर कुएं से पानी खींच रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से वह कुंए में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार देवनारायण (35) पुत्र माधव लाल गुर्जर सोमवार शाम अपने खेत पर बाजरे की फसल काट रहा था। तभी उसे प्यास लगी। वह प्यास बुझाने के लिए कुएं से पानी खींचने लगा, तभी उसका पैर फिसल गया।

## जिला कांग्रेस सेवादलः तीन दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर आज से

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** संगठन सृजन प्रशिक्षण अभियान के तहत जिले में सेवादल को मजबूत करने के लिए शिवम मैरिज गार्डन आलनपुर में 24 सितंबर से 26 सितंबर तक सेवादल की ओर से तीन दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा!

प्रशिक्षण शिविर मे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, जोन प्रभारी राजेंद्र सिंह अडवाना, राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्यारी जानकी, अशोक क्रांति, संभाग प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा जिले के स्वेत सैनिको को प्रशिक्षित करेंगे । तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे सांसद हरीश चंद्र मीणा,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव दानिश अबरार, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, बामनवास विधायक इंदिरा मीणा, पूर्व मंत्री अशोक बैरवा, जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज सहित कांग्रेस के समस्त अग्रिम संगठन व विभाग के जिला अध्यक्ष उपस्थिति रहेंगे। शिविर के द्वितीय दिन शिविर स्थल से अम्बेडकर सर्किल तक संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकली जाएगी। सेवादल के जिलाध्यक्ष संतोष स्वामी ने बताया कि इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य यह की सवाईमाधोपुर जिले मे सेवादल के प्रशिक्षित स्वेत सैनिक तैयार करना है। ये स्वेत सैनिक सवाईमाधोपुर जिले के गांव ढाणी में जाकर सेवादल, व कांग्रेस की विचार धारा का प्रचार प्रसार करेंगे।

## श्री श्याम निशान व कलश यात्रा निकाली, भजन संध्या आज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** शारदीय नवरात्रा के तहत श्री श्याम युवा सेवा समिति टोंक के तत्वाधान में मंगलवार से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत श्रीश्याम निशान यात्रा एवं कलश यात्रा से हुई। श्री संतोषी माता जी के मंदिर से श्री श्याम युवा सेवा समिति टोंक के तत्वाधान में श्री श्याम बाबा की झांकी के साथ कलश एवं निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मुख्य बाजार सबील शाह की चौकी,बड़ा कुंआ, नोशे मियां का पुल,कचहरी , काफला,पांच बत्ती,सुभाष बाजार ,घंटाघर होते हुए पटेल सर्किल से श्री राधा कृष्ण मंदिर मोदी की चौकी पहुंची । श्री श्याम निशान यात्रा में डीजे पर श्री खाटू श्याम के भजनों पर श्याम भक्त नाचते कूदते चल रहे थे।श्री श्याम युवा सेवा समिति टोंक के तत्वाधान में बुधवार को सायंकाल 7 बजे से विशाल श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी।जिसमें बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार की झांकी सजाई जाएगी।भजन संध्या में निवाई के गायक कलाकार राजू खण्डेलवाल,मध्यप्रदेश की कनिका ग्रोवर,जयपुर के रिधेश अरोड़ा, निवाई के महेश खण्डवाल भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव रम्भा से मनोहरपुरा के आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम रामकरण सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि रम्भा से मनोहरपुरा का आम रास्ता राजस्व रिकॉर्ड खसरा नंबर 81 में दर्ज है। जिस पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने 4 साल से अतिक्रमण करके रास्ते को बंद कर रखा है। उक्त रास्ते से बच्चे भी स्कूल जाते हैं। रास्ता बंद होने से बच्चों का आना जाना बंद हो गया है। उन्होंने उक्त रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटाकर रास्ते को पुनः सुचारू करवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुकेश गुर्जश्र, कालूराम जाट, मूलचन्द जाट, श्योराज जाट, मुकेश दरोगा, रामलाल, जीतराम व कालूराम गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी आज सवाई माधोपुर के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी 24 सितम्बर को जिले के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान सम्भागीय आयुक्त अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगी। इसके बाद सायं 6 बजे पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत करमोदा में रात्रि चौपाल में आमजन से सीधा संवाद करेंगी।

### हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मची ,गांव के लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

# हादसाःटायर ऊपर, छत नीचे..गहरे गड्ढे में जा गिरी सवारियों से भरी रोडवेज बस, कई घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** टोंक से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 148डी पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तारण गांव के पास यात्रियों से भरी राजस्थान रोडवेज की एक बस पलट गई, जिसमें लगभग एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, समय रहते आसपास के ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया!



### सवाई माधोपुर से टोंक जा रही थी बस

यह बस सवाई माधोपुर से टोंक की ओर आ रही थी। बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार काफी तेज थी और इसी दौरान ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। बस एक गहरे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। जिस तरह से बस पलटी, धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद तारण गांव के लोग तुरंत घटनास्थल की तरफ दौड़े। हादसे के वक्त रोडवेज बस में कुल 47 सवारियां मौजूद थीं। इनमें से 32 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है!

मदद में देरी से भडक़े ग्रामीण, खुद पहुंचाया अस्पताल

बस पलटते ही सबसे पहले मदद के लिए तारण गांव के लोग ही आगे आए। उन्होंने बिना समय गंवाए बस के अंदर फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। कुछ लोग खिड़कियों से अंदर घुसे, तो कुछ ने बस का दरवाजा खोलकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंची।

### एंबुलेंस और पुलिस को आने में लगा समय (कलर बोक्स

इस दौरान ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए खुद अपने वाहनों से घायल यात्रियों को पास के अस्पताल पहुंचाना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि एंबुलेंस के आने में काफी समय लगा, जिसकी वजह से घायलों को तुरंत इलाज नहीं मिल पाता। ग्रामीणों की इस त्वरित कार्रवाई की वजह से ही गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों की जान बच सकी। ग्रामीणों में प्रशासन के इस ढीले रवैये को लेकर गहरी नाराजगी भी देखी गई। उनका कहना था कि हाईवे पर इतने बड़े हादसे के बाद भी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम को पहुंचने में इतना समय क्यों लगा।

### घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल

हादसे में घायल हुए यात्रियों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। कुछ यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं, जबकि कुछ को गंभीर चोटें, जैसे फ्रैक्चर और सिर में चोट, आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए टोंक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

### शुरू की हादसे की जांच

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बस ड्राइवर की लापरवाही और हाईवे पर मौजूद गड्ढे दोनों ही इस हादसे की वजह हो सकते हैं। पुलिस की जांच में अब यह भी देखा जाएगा कि क्या ड्राइवर नशे की हालत में था या उसने ओवरटेक करने के दौरान नियंत्रण खोया।

## खुशखबरः सवाईमाधोपुर से सांवरिया सेठ के लिए रोडवेज शुरू, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाईमाधोपुर से चितौडग़ढ़ सांवरिया सेठ जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए खुश खबर है। सवाईमाधोपुर से चित्तौडग़ढ़ जिले के सांवरिया सेठ दर्शनों को जाने वाले यात्रियों को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। सांवरिया सेठ जाने आने वाले यात्रियों को सवाईमाधोपुर से सीधे सांवरिया सेठ के लिए रोड़वेज बस की सुविधा मिलेगी। इसके लिए सोमवार को सवाईमाधोपुर डिपो परिसर से नवरात्रा स्थापना के साथ ही बस का संचालन भी शुरू कर दिया है। डिपो से सवाईमाधोपुर व दौसा जिले के यात्रियों के लिए सांवरिया सेठ के लिए सीधे रोडवेज बस का संचालन शुरू किया है।



### दोपहर सवा 12 बजे होगी रवाना

रोडवेज बस सवाईमाधोपुर से सुबह साढ़े आठ बजे रवाना होकर पहले दौसा के लालसोट पहुंचेगी। फिर वहां से 11 बजे रवाना होकर सवा 12 बजे सवाईमाधोपुर आएगी। इसके बाद सवा 12 बजे यहां से रवाना होगी। यहां से उनियारा, देई, बूंदी, बिजोलिया, चितौड़ होते हुए सांवरिया सेठ रात करीब नौ बजे बस पहुंचेगी और दूसरे दिन सुबह साढ़े नौ बजे बस सांवरिया सेठ से रवाना होकर शाम करीब पांच बजे सवाई माधोपुर पहुंचेगी।

> सोमवार से सांवरिया सेठ के लिए एक बस चालू की है। यह बस प्रतिदिन सवा बारह बजे सवाईमाधोपुर डिपो से रवाना होगी। दूसरे दिन सुबह करीब साढ़े नौ बजे सांवरिया सेठ से रवाना होकर सवाईमाधोपुर पहुंचेगी। इससे सांवरिया सेठ जाने वाले दर्शनार्थियों को लाभ मिलेगा।
>
> **-पीयूष जैन,** प्रबंधक, रोडवेज डिपो सवाईमाधोपुर

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 8 बाल अपचारी उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों के अध्ययन, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने रसोईघर सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। दीक्षित द्वारा बाल अपचारियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार को बाल अपचारियों के सुधार हेतु कार्य करने एवं उनके स्किल डवलपमेन्ट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल अपचारियों को रचनात्मक एवं उपयोगी किताबें उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकिता सिंहल, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा एवं तपेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## सरस टोंड मिल्क में मिलावट पाए जाने पर 6 को सुनाई एक साल की सजा, 5 हजार का जुर्माना भी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** एसीजेएम कोर्ट निवाई ने सरस टोंड मिल्क में मिलावट पाए जाने पर दुग्ध उत्पादक सहाकारी समिति के अध्यक्ष, सहायक प्रबंध अभियांत्रिकी प्रबंध संचालक व दुकानदार को एक वर्ष के साधारण कारावास व 5 हजार रूपए के दण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी सुधाकर प्रधान ने बताया कि एसीजेएम न्यायालय ने सरस टोंड मिल्क में मिलावट पाए जाने पर दुग्ध उत्पादक सहाकारी समिति लिमिटेड सांवरिया तहसील टोडारायसिंह के अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सहायक प्रबंध अभियांत्रिकी पलांट मालपुरा के वाईपी सिंह, तत्कालीन प्रबंध संचालक टोंक जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड टोंक के एल. के. जैन, मैसर्स टोंक जिला उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड टोंक, दुकानदार बालकिशन साहू निवाई व मैसर्स बालकिशन साहू को एक वर्ष के साधारण कारावास व 5 हजार रूपए के दण्ड से दण्डित किया है। उन्होंने बताया कि अर्थ दण्ड अदायगी नहीं करने पर 15 दिवस का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

## नशा दीमक की तरह शरीर को खोखला करता है : बीके ऋतु

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान तहत संस्थान की स्थानीय शाखा द्वारा टोंक की टैगोर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ एवं विद्यालय की प्रिंसिपल शिवानी की मौजूदगी में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी ऋतु ने विभिन्न तरह के नशे के बारे में बताते हुए उसे सहज भी छोडऩे के उपाय बताएं और उन्होंने नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।


उन्होंने कहा कि नशा न सिर्फ इसका सेवन करने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।उन्होंने विभिन्न प्रकार नशे के के बारे में बताते हुए कहा कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना है, नशा एक दीमक की तरह है, जो शरीर को खोखला कर देता है। इसलिए हमें नशे से हमेशा बचकर रहना है। विद्यालय की प्रिंसिपल शिवानी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान की तरफ से जन कल्याण हेतु जनता को जागृत करने की जो कोशिश की जा रही है, वह सराहनीय है। हमारी आज युवा पीढ़ी नशे के अंधकार में जा रही है। उन्हें बचाने के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है।

### दशहरा महोत्सव को लेकर 6 अक्टूबर तक होंगे एकाएक रंगारंग कार्यक्रम

# भगवान श्रीराम जन्मोत्सव में उमड़े लोग, भगवान ने सुबाहू व मारीच का किया वध, भव्य रामबारात कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में मंगलवार को आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का मंचन किया गया। जिसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रंगमंच के भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा व पवन शर्मा गुरूजी ने बताया कि दशहरा मेला महोत्सव को लेकर आयोजित रामलीला में राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ, कौशल्या को चतुर्भुज अवतार दर्शन, भगवान श्रीराम जन्मोत्सव, विश्वामित्र द्वारा राम लक्ष्मण को वन ले जाना, ताडका व सुबाहू का वध, विश्वामित्र यज्ञ व अहिल्या उद्धार का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान रंगमंच के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी सहित सभी पार्षदों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। रामलीला के मंचन के दौरान प्रताप स्टेडियम में मूंगफली, कचौरी-पताशी एवं खिलोनों के ठेलों पर भी लोगों व बालकों की भीड लगी रही। वहीं नगरपालिका द्वारा लगाई गई हाईमास्क लाईटों के डेकोरेशन से प्रताप स्टेडियम जगमगा उठा एवं बडे-बडे लाउड स्पीकरों की ध्वनियों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। उन्होंने बताया कि दशहरे मेले को लेकर अहिंसा सर्किल, पुराने नगरपालिका भवन, अधिशासी अधिकारी आवास व नगरपालिका भवन को स्वचालित लाईटों से सजाया गया है। जिससे शहर जगमगा हो गया। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि दशहरा महोत्सव को लेकर एकाएक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि 25 सितम्बर को गणगौरी बाजार में स्थित कंकाली माता के मंदिर से भव्य राम बारात रवाना होगी।



राम बारात शहर के मुख्य बाजार से होते हुए अहिंसा सर्किल, आदित्य प्लाजा व प्रताप स्डेडियम होते हुए इन्दिरा कॉलोनी में नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के निवास पर पहुंचेगी। जहां तोरण की रस्म की जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से भव्य विजय जुलूस निकाला जाएगा। विजय जुलूस का शाम 5 बजे बस स्टैंड पर पंहुचने पर अतिथियों द्वारा ऐतिहासिक पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया जाएगा। शाम 6 बजे दशहरा मैदान में रावण अंगद संवाद होगा व 6.30 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण एवं कुंभकरण के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन होगा। समारोह में भाजपा शहर महामंत्री जयनारायण कुमावत, प्रमुख उद्योगपति ओपी गुप्ता, वंशप्रदीप पारीक, परसराम कुमावत, ताराचंद गोयल, मदनलाल वर्मा, संजय रैगर, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, जितेन्द्र धारवाल व पवन गुरूजी सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक लेकर सैचुरेशन कैंप एवं सरकारी योजनाओं में बैंकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वार्षिक साख योजना 2025-26 की पुस्तिका का विमोचन किया।

जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने निर्देशित किया कि सभी बैंक सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री स्वनिधि, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना इत्यादि के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पात्र व्यक्तियों के आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाई कर ऋण स्वीकृत एवं वितरण कर लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सैचुरेशन कैंपों में बैंकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिये कि समस्त बैंक पेंशन योजनाओं व रि-केवाईसी इत्यादि में निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें तथा अर्जित प्रगति के डाटा को पोर्टल पर अपलोड करावें। उन्होंने सेचुरेशन कैम्पों में जिले की राज्य में 5वीं रैंक होने पर बैंक अधिकरियों की सराहना की। उन्होंने प्राथमिकता क्षेत्रों में टारगेट के अनुसार अचीवमेंट अर्जित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अग्रणी बैंक जिला प्रबन्धक बाबूलाल पालरिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कृषि क्षेत्र में 4568 करोड रूपये के लक्ष्य के विरूद्घ 1589 करोड, एमएसएमई में 4022 करोड के लक्ष्यों के विरूद्घ 1860 करोड तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 444 करोड रूपये के लक्ष्य 75 करोड की उपलब्धि जून 2025 तक प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि साख जमा अनुपात 87.12 प्रतिशत है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश कुमार डागुर, आरबीआई एलडीओ श्री मनदीप सिंह वालिया, डीडीएम नाबार्ड श्रीमती मीनाक्षी मीणा, पीएनबी अलवर के मंडल प्रमुख श्री श्वेतांक कुमार, पीएनबी के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री बाबूलाल पालरिया, जिला उद्योग केन्द्र प्रबंधक श्री एम.आर मीणा, राजीविका के जिला प्रबंधक श्री राहुल, जिला स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य सहित सभी बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजगढ़ पुलिस ने पिकअप चोरी में शामिल 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर)। थाना पुलिस ने पिकअप चोरी को अंजाम देने वाले एक ईनामी आरोपी और चोरी की पिकअप खरीदने वाले एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 30 अगस्त 2025 को परिवादी ने राजगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 अगस्त की रात बारला बास, खादी आश्रम के पीछे खड़े उनके पिकअप महिंद्रा वाहन को चोरी कर लिया गया। वाहन में कबाड़ का सामान भी भरा हुआ था। पुलिस टीम ने गोपनीय जानकारी और आसूचना के आधार पर फरार ईनामी आरोपी और चोरी की पिकअप खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। चोरी की पिकअप का इंजन, 4 टायर और गियर बॉक्स बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी हैंः इमरान खां, पुत्र श्री इब्राहिम खां, निवासी बगड़ तिराया, मुस्ताक खां, पुत्र श्री सगीर अहमद। पुलिस मामले की जांच जारी रखी है।

## आमजन के लिए राहत एवं संबल के आधार बने सेवा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन में सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिले में सेवा पर्व पखवाडे के अंतर्गत 17 सितम्बर से 20 सितम्बर तक 72 ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा व्यक्तिगत लाभ और सार्वजनिक विकास की योजनाओं और सेवाओं का पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित 72 शिविरों में राजस्व विभाग के द्वारा कुरैजात रिपोर्ट के 33 प्रकरण, लंबित फॉर्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाने के 278 प्रकरण, नामान्तकरण रिपोर्ट में स्वतः नामान्तकरण के 85 प्रकरण, भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के 9 प्रकरण एवं अतिरिक्त शेष रहे नामान्तकरण के 404 प्रकरण, आपसी सहमति से विभाजन के 71 प्रकरण, मूल निवास के 907 एवं जाति प्रमाण पत्र के 1091 प्रकरण, भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के 149 प्रकरण तथा लंबित गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण कर राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज करने के 3 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही किसान गिरदावरी एप के बारे में कैम्प में आए 16117 लोगों को जानकारी दी गई एवं 9749 लोगों को एप डाउनलोड करवाया गया।

इसी प्रकार शिविरों में कृषि विभाग द्वारा मिनी किट से 1998 कृषकों को लाभांवित करवाया गया एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 308 पॉलिसी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 25469 पौधे लगाए गए तथा वृक्षारोपण हेतु नमो वन/नमो पार्क के लिए 492.55 हैक्टेयर भूमि का चिन्हिकरण किया गया।

### ग्रामीण सेवा शिविरों से आमजन को मिल रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ: पटेल

# संसदीय कार्य मंत्री ने ग्राम पंचायत दईजर के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को जोधपुर जिले की केरू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दईजर में 38.99 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने गरीब, महिला, किसानों के हित में अनेक कदम उठाए हैं।

पटेल ने कहा प्रदेश सरकार ने किसान सम्मान निधि में सहायता राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये एवं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल बोनस राशि बढ़ाकर 150 रुपये की है। पटेल ने कहा ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाया जा रहा है। राज्यभर में ग्राम सेवा शिविरों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना और मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना जैसी योजनाओं के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।



**पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजनाः** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा गरीबीमुक्त राजस्थान के लिए 10 हजार गाँवों में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना प्रारम्भ की गई है। स्वामित्व योजना के तहत 2 लाख परिवारों को नए पट्टों का वितरण किया जा रहा है।

**पीएमजीएसवाई के तहत 1600 बस्तियां जुड़ेंगी डामर सडक़ सेः** पटेल ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के चतुर्थ चरण के तहत प्रदेश में लगभग 1600 बसावटों को चरणबद्ध रूप से आगामी 2 वर्षों में डामर सडक़ों से जोड़ा जाएगा। 5 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों में अटल प्रगति पथ का निर्माण करवाया जा रहा है।

**गुरु गोलवलकर एस्पाइरेशनल ब्लॉक डेवलपमेंट स्कीमः** पटेल ने कहा कि प्रदेश में सबसे पिछड़े 35 ब्लॉक में विकास को गति देने के लिए गुरु गोलवलकर एस्पिरेशनल ब्लॉक डेवलपमेंट स्कीम के तहत 75 करोड़ रूपये व्यय किया जाएगा। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए इस वर्ष महात्मा गांधी नरेगा के तहत 34 करोड़ मानव दिवसों का सृजन किया जा रहा है।

**आमजन के कार्य त्वरित गति से होंगेः** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन एवं जन केंद्रित प्रशासन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन पंचायत भवनों में मिनी सचिवालय की स्थापना की जा रही है जिसके तहत एक ही छत के नीचे ग्रामीण विकास, पंचायती राज, राजस्व, कृषि विभाग एवं ई-मित्र संबंधित आमजन से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उप प्रधान केरू श्री जय सिंह, सरपंच श्री रमेश भील, उप सरपंच श्री खेतसिंह, श्री छोटू सिंह राठौड़, श्री सुरजाराम, श्री गोविंद टाक विकास अधिकारी श्री गिरधारीराम, श्री राजूराम सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मकान का जंगला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** थाना क्षेत्र के गाँव गूंता में 21 सितंबर की देर रात 02 बजे से 04 बजकर 30 मिनट के बीच चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीडि़त परिवार के लाखों रुपये के जेवरात और हजारों रुपये की नकदी लेकर चोर फरार हो गए।

पीडि़त परिवार के ब्रजेश यादव ने बताया कि रात में सभी दरवाजे बंद थे। उनके अनुसार, जब उनकी पुत्रवधु 02 बजे टॉयलेट गईं तो सभी दरवाजे सामान्य स्थिति में थे। लेकिन करीब 04 बजे जब उन्होंने खुद टॉयलेट जाने के लिए कमरे से बाहर निकले तो सारे दरवाजे बाहर से बंद थे। पुत्रवधु ने चोरी करने वाले व्यक्ति को कोने के कमरे से भागते हुए देखा और परिवार को इसकी सूचना दी। बानसूर थाना पुलिस ने पीडि़त की रिपोर्ट दर्ज कर मौके का मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि वीडियो ग्राफी की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जाएगी।

## अग्रसेन जयंती समारोह उत्साह और धूमधाम से मनाई

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (सुभाष यादव)। अग्रवाल समाज ने कंचन वाटिका में महाराजा अग्रसेन की जयंती का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया। इस अवसर पर समाज की 119 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समाज को समय के साथ बदलना होगा और व्यापार के पारंपरिक ढर्रे में भी सुधार आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को केवल व्यवसाय तक सीमित रखने के बजाय उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर बड़े पदों तक पहुँचाने पर जोर दिया। विधायक ने अग्रवाल समाज में लगातार निर्विरोध बनाई जाने वाली कमेटी की सराहना की और इसे समाज की एकता का प्रतीक बताया।


कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति श्रीधर गुप्ता ने की। उन्होंने समाज के विकास और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। वहीं, अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अग्रवाल भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आह्वान किया और समाजजनों से आर्थिक सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि नारनौल रोड और हमीदपुर रोड के बीच बाईपास पर भवन बनाने के लिए जमीन ली जाएगी और जो भी आर्थिक रूप से सहयोग करेगा, उसका योगदान मंजूर रहेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्रालय में सहायक निदेशक राहुल अग्रवाल, फिल्म निर्देशक सन्नी अग्रवाल और अभिनेत्री रेखा अग्रवाल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भव्य बना दिया। समाज की महिलाओं और बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उत्साह व्यक्त किया। साथ ही रॉकस्टार एमडी ने अपनी दमदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में जोश भर दिया। इस भव्य आयोजन में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समाजजनों ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी एकता और संस्कृति को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष, महिला मंडल, नवयुवक मंडल के पदाधिकारी सदस्य सहित समाज के लोग, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थियों का होता है चरित्र निर्माण: प्राचार्य मीणा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों के नव प्रवेशित स्वयंसेवकों के आमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. मीणा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम अधिकारी कपिल देव कुंडारा ने सत्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सत्र 2025-26 में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. देशराज वर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का परिचय दिया और इसके महत्व से अवगत कराया। डॉ. पी. एम. मीणा ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और सेवा के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया और उनके विचार भी साझा करवाए। प्राचार्य डॉ. के. एल. मीणा ने बाज और उसके बच्चों की कहानी का उदाहरण देकर विद्यार्थियों के जीवन में प्रशिक्षण और अनुभव के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है, जिसकी सहायता से विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण होता है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. संजय बमनावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा मीणा ने किया और डॉ. योगेन्द्र सेहरा ने अनुशासन व्यवस्था देखी।



## स्मार्ट मीटर योजना को लेकर बानसूर में कांग्रेस का जोरदार विरोध

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उप तहसील हरसौरा में युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में रैली निकाली गई। विरोध रैली सोडावास रोड से शुरू होकर हरसौरा बस स्टैंड, मुख्य बाजार, होली गट्टा और रामलीला मैदान होते हुए उप तहसील कार्यालय पहुंची।



रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भजनलाल सरकार के विरोध में नारेबाजी की और उप तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार पवनेश कुमार शर्मा को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर योजना गरीब, मजदूर और किसान विरोधी है और अगर यह लागू होती है तो विधानसभा क्षेत्र में 70 से 90 प्रतिशत घरों में अंधेरा छा जाएगा। युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी ने प्रेस से कहा कि उनका आंदोलन सडक़ पर है, ताकि आमजन को इस योजना के नुकसान और असमर्थित पक्षों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी हालत में स्मार्ट मीटर को गांवों में लागू नहीं होने देगी। साथ ही कांग्रेस नेता हंसराज योगी ने बताया कि पहले जैसे आमजन अपने बिजली बिल जमा कर उजाला रख सकते थे, अब बिजली ठेकेदारों और कंपनी के नियंत्रण में है, जिससे जनता की सुविधा प्रभावित होगी। उन्होंने इसे राजस्थान सरकार का आमजन विरोधी कदम बताया।

इस मौके पर हमीरपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच, पूर्व कृषि उपजमंडलीय चेयरमैन ताराचंद गुर्जर, कुशल यादव, महेश, राजू, बलवंत बाबरिया, राहुल शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेखावत ने आयुर्वेद के तहत्व को समझाया

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम पर दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

राजस्थान के आयुर्वेद विभाग अलवर के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विभाग संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. के. के. गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश कुमार वर्मा (सहायक निदेशक, आयुर्वेद विभाग अलवर), योगेश शर्मा (प्रशासनिक अधिकारी, आयुर्वेद विभाग) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. करण सिंह दहिया (उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग अलवर) ने भगवान धन्वंतरि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेंद्र मीणा ने किया।

कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन सिंह शेखावत ने आयुर्वेद के महत्व व समग्र स्वास्थ्य में योगदान विषयक वक्तव्य प्रस्तुत किया।




उन्होंने बताया कि आयुर्वेद दिवस का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य, वैश्विक कल्याण, पारिस्थितिक संतुलन और सतत विकास पर बल देना है। आयुर्वेद को परंपरा और विज्ञान, व्यक्ति और समाज तथा मानवता और प्रकृति के बीच सेतु के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर डॉ. शक्ति सिंह चौधरी और डॉ. मुकेश साहू ने आयुर्वेद चिकित्सा के प्रमुख सिद्धांतों और इसकी विशिष्टता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय चिकित्सकों और सहायक कर्मियों जैसे डॉ. लक्ष्मी शर्मा, डॉ. कमल मीणा, डॉ. मनमोहन गोठवाल, नत्थीलाल सेन, पुष्पेंद्र दीक्षित, राजेश शर्मा, जय शर्मा और अन्य को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही विश्व योग दिवस में योगदान देने वाली प्रमुख संस्थाओं—पतंजलि योगपीठ संस्थान, गांधी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य सदन समिति, कल्पतरु योग संस्थान, मित्तल फाउंडेशन एवं अन्य योग शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. के. के. गुप्ता ने अपने संबोधन में आयुर्वेद की प्राचीन, प्रामाणिक और विश्वसनीय चिकित्सा पद्धति होने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में रोगों का स्थायी और दुष्प्रभाव रहित समाधान निहित है। उन्होंने कहा कि अतीत में आयुर्वेद को अंग्रेजों के शासनकाल में पीछे धकेला गया, परंतु वर्तमान में यह देश-विदेश में पुनः प्रगति कर रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपनिदेशक डॉ. करण सिंह दहिया ने विभागीय कार्मिकों से जन-जन तक आयुर्वेद स्वास्थ्य संरक्षण विधियों एवं आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग अलवर डॉ. सुरेश कुमार वर्मा द्वारा सभी अतिथियों और विभागीय कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए हुआ।

# गुजरात के व्यापारियों को महाराष्ट्र से किया अपहरण, बंदूक के दम पर बनाते थे अश्लील वीडियों

## बदमाशों के कब्जे से 2 पिस्टल व 1 जिन्दा कारतूस बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा पुलिस ने बुधवार को अंतर राज्जीय ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के तार महाराष्ट्र गुजरात राजस्थान व दिल्ली तक फैले हुए है।

कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कोटा शहर पुलिस द्वारा अपराध पर नियंत्रण व अपराधियो की धरपकड़ हेतू चलाये जा रहे नाकाबंदी के विशेष अभियान के तहत थाना रेल्वे कॉलोनी व जिला स्पेशल टीम ने कार्यवाही करते हुए पोरबंदर व भावनगर (गुजरात) के दो व्यापारी जयेश पुत्र चन्द्रकान्त दत्ताणी व पाण्डया हिम्मत भाई का



मल्कापुर जिला बुलडाना (महाराष्ट्र) से अपहरण करने वाले दो बदमाशों मोहम्मद जुनेद मुसलमान उम्र 26 साल निवासी अलकरीम नगर प्रथम वलगांव रोड अमरावती व नेहाल अहमद थाना नागपुरी गेट जिला अमरावती महाराष्ट्र को दबोच लिया है।

आरोपियों के कब्जे से 02 देशी पिस्टव व 01 जिन्दा कारतूस सहित सहित वारदात मे प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। अपहर्ता जयेश पुत्र चन्द्रकान्त दत्ताणी व पाण्डया हिम्मत भाई कोद बदमाशों के चंगुल से मुक्त करवाने मे सफलता हासिल की।

**ऐसे करते थे वारदात :** बदमाश मोहम्मद जुनैद, नेहाल अहमद, इल्लु, अमान पठान उर्फ बब्बु, सद्दाम, रविन्द्र और ताहिर आपस मे जानकार है। जब किसी अमीर व प्रतिष्ठित व्यक्ति की कोई नाकारात्मक तथ्य बदमाशों को पता होता था तो बदमाश अपरहरण के बाद पिस्टल की नोक पर गिरोह मे शामिल महिला के साथ आपत्तिजनक विडियो बनाकर प्रतिष्ठित व्यक्ति की छवि धूमिल करने की धमकी देकर फिरौती की मांग कर रुपये ऐंठते थे। जयपुर ,नांदुरा महाराष्ट्र,अमरावती में की गई वारदाते भी कबूल की है। दोनो पीडितो जयेश व पण्डया हिम्मत भाई को मलकापुर निवास से बदमाशों द्वारा लायी गयी टवेरा गाडी व पीडितो की वरना ह्युंडई कार मे डालकर हथियारो की नोक पर अमरावती महाराष्ट्र मे सुनसान इलाके खेत ले गये। अमरावती महाराष्ट्र के पास किसी

फार्म हाउस पर रात्रि के समय बदमाशों द्वारा पीडित जयेश दत्ताणी को पिस्टल से जान से मारने की धमकी देकर गिरोह की महिलाइ के साथ आप्पतिजनक विडियो बनाया और 20 लाख रुपये फिरौती की मांग की। रामस्वरुप मीणा पु.नि./थानाधिकारी, रामसिंह उ.नि., अब्दुल लतीफ सउनि., कपिल गर्ने हैड कांस्टेबल की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# जैन समाज का देश के लिये बलिदान व योगदान अतुलनीय - सांवला



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** परम् पूज्य आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज के सानिध्य में महावीर नगर प्रथम, कोटा ,स्थित प्रज्ञा लोक में हो रहे चातुर्मास में विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष हुकम चंद सांवला उपस्थित रहे। विहिप के प्रचार प्रमुख रामबाबू मालव ने बताया कि सांवला ने समाज के प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि 1857 से लेकर आजादी प्राप्त होने तक से लेकर अब तक जैन समाज का इतिहास में ना केवल त्याग और समर्पण रहा है अपितु समय आने पर शस्त्रों के माध्यम से भी राष्ट्र धर्म की रक्षा की है। मुगलों से लड़ाई में हमारे समाज के भामाशाहो ने राजाओं को आर्थिक रूप से योगदान दिया। वहीं हल्दी घाटी के युद्ध में जैन समाज के कई योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए है। झांसी की रानी के लड़ाई में सैनिकों को आर्थिक रूप से संभल प्रदान करने वाले हमारे ही लोग थे। पन्नाधाय, महाराणा प्रताप , राणा पूँज्या,गुरुगोविंद सिंह जैसे महापुरुषों के साथ भी जैन समाज कभी भामाशाह के रूप में तो कभी क्षत्रिय के रूप में खड़ा रहा है। हमारे सारे तीर्थंकर क्षत्रिय हैं। उस समय भी हमारे समाज और देश को तोड़ने वाली शक्ति तीव्र रूप से कार्य कर रही थी। आज हमारा समाज भी अलग अलग मत में बंटा हुआ है हमें एक होने की आवश्यकता है। सांवला ने कहा बांग्लादेश जैसी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए वर्तमान में जैन समाज और सनातन समाज को एक साथ लड़ना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद,गुरु आस्था परिवार,सकल दिगंबर जैन समाज का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में जय महावीर और जय श्री राम के घोष के साथ में पूरा पांडाल गूंज उठा।

# पेंशनर्स समाज उप शाखा द्वारा काड़ा वितरण किया




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा द्वारा दसवे आयुर्वेद दिवस पर काड़ा वितरण किया । पेंशनर समाज के अध्यक्ष शंभू लाल दशोंरा एवं सचिव चंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पूर्व नगर पालिकाअध्यक्ष राजकुमार वधवा एवं पेंशनर्स समाज के वरिष्ठ सदस्य मांगीलाल दशोरा द्वारा भगवान धन्वंतरि पर पुष्प माला एव दीप प्रज्वलित कर काड़ा वितरण का शुभारंभ किया इस अवसर पर आयुर्वेद अधिकारियों ने मौसमी बीमारी में रोकथाम हेतु काड़ा का महत्व बता कर जानकारी दी गई । इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक जगदीश पंचोली एवं उनके सहायक दीपक सिंह सोलंकी एवं पवन सिंह यादव ने विशेष सहयोग कर काड़ा तैयार करने में सहयोग प्रदान किया पेंशन समाज के हरिओम शर्मा, रविंद्र कुमार त्यागी, बृजमोहन कारपेंटर, देवी प्रसाद दशोरा, सुरेश कुमार शर्मा, ओम प्रकाश सोनी कैलाश चंद्र दशोंरा, मांगीलाल दशोंरा, श्यामलाल टैलर, चंद्र सिंह भाटी, डॉक्टर जीजै परमार, शंभु लाल दशोरा, विनोद कुमार त्यागी, सहित पेंशनर सक्रिय सहयोग दिया।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं से मिले सभी को संबल

## त्रैमासिक बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं हेतु गठित जिला स्तरीय समितियों की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलक्टर ने निर्देश दिए कि दिव्यांगों एवं अन्य जरूरतमंदों के लिए विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र जनों को पूरा लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें। योजनाओं का पात्र व्यक्ति को कितना लाभ मिल रहा है, यह जानने के लिए समय–समय पर जॉच व निरीक्षण किए जाएं। कलक्टर ने निर्देश दिए कि दहेज प्रतिषेध योजनाओं के तहत लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्धता से किया जाए। दिव्यांगों की सहायतार्थ योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से प्रचार किया जाए ताकि जरूरतमंद पात्र जन इनका लाभ उठा सकें। यूडीआईडी कार्ड बनवाने के कार्य में तेजी लाई जाए। नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत प्रभावी गतिविधियों का संचालन किया जाए। उन्होंने सिलिकोसिस योजना के भी अधिकाधिक प्रसार–प्रसार पर जोर दिया। कहा कि सिलिकोसिस सघन जांच शिविर नियमित तौर पर लगाए जाएं व पाडितों को समय पर सहायता सुनिश्चत हो।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस विभाग से सामंजस्य स्थापित कर नशा विरोधी गतिविधियों का आयोजन कराया गया है। स्वयंसिद्धा योजना, वृ्द्धाश्रम, स्वाधार योजना, दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम–2016, के तहत दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ योजनाओं से लाभान्वित करने, भिखारियों एवं निर्धन व्यक्तियों के पुनर्वास, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित गावों के विकास कार्य करवाने, नवजीवन योजना एवं अन्य योजनाओं में प्रगति की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कमल कुमार मीणा, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक मनोज कुमार मीणा एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय मुस्लिम महासम्मेलन के लिए राजस्थान से 2000 लोग जाएंगे दिल्ली

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से दिल्ली में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय मुस्लिम महासम्मेलन में राजस्थान से लगभग 2000 समाज के लोग शामिल होंगे। इस सिलसिले में आज कोटा सर्किट हाउस में मंच के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय संयोजक अबू बकर नकवी ने की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डॉ. इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में होने वाले इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि मुसलमान देश के विकास में पीछे न रहें, बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़कर योगदान दें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच समाज को जागरूक कर रहा है कि चाहे स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण या गौ–सेवा का कार्य हो, हर नेक काम में मुस्लिम समाज को पूरी ज़िम्मेदारी निभानी चाहिए।

मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है, हम सब मिलकर राष्ट्र प्रथम की भावना को मज़बूत करें। चाहे हिंदू, मुसलमान, सिख या ईसाई हों, सभी इस मातृभूमि भारत माँ के लाल हैं। मज़हब अलग–अलग हो सकते हैं लेकिन मुल्क एक है और यही सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि क़ुरआन शरीफ़ में भी फरमाया गया है कि जिसने किसी एक इंसान की जान बचाई, उसने पूरी इंसानियत की जान बचाई। यानी इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। यही संदेश मुस्लिम राष्ट्रीय मंच समाज तक पहुँचा रहा है। बैठक में मंच के कोटा संभाग संयोजक अहसान अंसारी जयपुर संभाग संयोजक अजीज खान, कोटा संभाग सह संयोजक सलीम खान, कोटा सह संयोजक निज़ामुद्दीन अब्बासी, सलीम अंसारी, कालू खान, इक़बाल खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'चलो जीते हैं' मोदी के बचपन से प्रेरित फिल्म



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी दादाबाड़ी मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मंगलवार को नरेन्द्र मोदी के बचपन से प्रेरित फिल्म 'चलो जीते हैं' दिखाई गई। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि राजनीति को सेवा मानकर जनहित की कामना करने वाले लोग इस फिल्म को अवश्य देखें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लें। जिस प्रकार मोदी जी का बचपन अत्यंत अभावों में संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, मन में ध्येय रखकर निरंतर प्रयास करते रहे, यह हर किसी के लिए सीखने का विषय है। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को यह फिल्म जरूर देखती चाहिए ताकि वे यह समझ सकें कि संसाधनों के अभाव के बावजूद भी दृढ़ निश्चय और परिश्रम से हर पद पाया जा सकता है। शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि यह फिल्म दिखाती हैं कि मोदी जीने कड़ी मेहनत के बल पर अपने लिए जगह बनाई। अल्पायु में ही वे जिस भी काम में जुटते, जी जान से कोशिश करते और उसे पूरा करके ही दम लेते। सतत प्रयास, कठोर परिश्रम, निष्ठा जैसे उनके नैसर्गिक गुण इस फिल्म में परिलक्षित होते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र ऋषि, मण्डल अध्यक्ष लव आजाद, रामचन्द्र नागर, धर्मेन्द्र हाड़ा, हरकचंद जैन, पार्षद विजयलक्ष्मी, रेखा सलूजा, रेखा यादव, पूनम जैन, राजेन्द्र गौड़, हेमन्त वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# समाज के अंतिम छोर तक उत्कृष्ट सेवा ही लक्ष्य- कल्पना देवी

## आर.बी.एस.के. ने फिर धड़काया दिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मंडाना निवासी एक मजदूर दंपति का गंभीर हृदय रोग से ग्रसित 6 माह का बेटा जो इलाज के अभाव में उखड़ती सांसों से जीवन मृत्यु के बीच झूल रहा था जहां आशा की किरण कहीं दिखाई नहीं दे रही थी तभी जीवन दायिनी चिकित्सा विभाग लाडपुरा की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने इस नन्ही सी जान को मुख्य जीवन धारा में जोड़ने के लिए बिना समय गवाये सर्वस्व एक सार कर दिया। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटा डॉ प्रभाकर व्यास के नेतृत्व में कार्यरत आरबीएसके की टीम के डॉ रुचि चित्तोडा एवं डॉक्टर परवेज अख्तर को सघन निरीक्षण के दौरान इस दूधमुहे बच्चे मानविक का पता चला जो जन्म से ही कमजोर था बार–बार बीमार पड़ना और रात में सांस फूलना जिसकी वजह से शारीरिक वृद्धि भी रुकी हुई थी जरूरी जांचों उपरांत दिल में छेद होना पाया गया जिसका इलाज ऑपरेशन ही था।संज्ञान में आने के पश्चात डॉ व्यास ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा डॉ नरेंद्र नागर आरसीएचओ डॉ रमेश करगवाल, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सी एच सी मंडाना डॉ नरेश मेवाड़ा से सामंजस्य स्थापित कर समस्त जांच और आवश्यक कार्यवाही करी। दिनांक 23.6. 2025 को सुधा हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पलकेश द्वारा ऑपरेशन किया गया। लंबे फॉलो अप के बाद अब बच्चा पूर्णतया स्वस्थ है और सामाजिक जीवन धारा में दायित्व निर्वाह हेतु परिवार की खुशियों का सहारा है।



लाडपुरा विधायिका कल्पना देवी जिन्होंने बच्चे के स्वास्थ्य संबंधी प्रारंभिक स्थिति से ऑपरेशन पश्चात फॉलो अप तक हर स्तर पर जानकारी लेती रही मंडाना मेगा शिविर के दौरान मानविक के परिवार जनों से मुलाक़ात की बालक को कपड़े और उपहार के सात उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य का शुभाशीष प्रदान किया।कल्पना देवी ने बताया की हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम छोर तक अभावग्रस्त व्यक्ति को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है इसके लिए हम पूर्णतया कटीबद्ध है।

# केशवपुरा बाजार में निकाली जीएसटी पदयात्रा

## *सशक्त अर्थव्यवस्था से भारत बनेगा महाशक्ति - संदीप शर्मा*



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरें कम करने पर केशवपुरा क्षेत्र के बाजारों में पदयात्रा निकालकर दुकानदारों एवं आम जन को इससे होने वाले फ़ायदों से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने दुकानदारों को स्वदेशी सामग्री रखने और ग्राहकों को भी स्वदेशी खरीदने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने दुकानदारों को स्वदेशी सामग्री की तख्तियाँ भी वितरित की। शर्मा ने कहा कि भारत को दबाव में लाने के प्रयास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्णतया विफल कर दिया है। जीएसटी की दरों में कमी लाने के उनके मास्टरस्ट्रोक से न केवल देश में महंगाई कम होगी वहीं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के उनके आव्हान से भारतीय उत्पादकों को सम्बल मिलेगा। पूर्व में भी मेक इन इंडिया अभियान से देश के उत्पादन में बड़ा इजाफा हुआ था, प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था को शक्ति मिली है जिसके दम पर ही भारत बड़ी महाशक्ति बन सकेगा।पदयात्रा में उनके साथ मण्डल अध्यक्ष दीनू बंजारा, पार्षद योगेश अहलुवालिया, नन्दकंवर हाड़ा, विनोद नायक, लक्ष्मी मेहरा, पी डी गुप्ता, जिला मंत्री सरोज वर्मा, चेतन नागर, जिला प्रवक्ता अमित सेन, पूर्व पार्षद रेखा जैन, सोनू गौतम, हेमराज हाड़ा, गिरिराज शर्मा, पारस खींची, केशवपुरा व्यापार संघ के नमन अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पेशन एवं पेशनर्स कल्याण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय सीएडी कार्यालय परिसर में बुधवार 24 सितम्बर को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिला स्तरीय पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जावेगा। अतिरिक्त पेंशन ने बताया कि संबंधित पेंशनर्स की पेंशन सबंधी समस्याओं का समाधान किया जावेगा। साथ ही भारत विकास परिषद चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, प्रताप नगर, दादाबाडी की टीम द्वारा पेंशन कार्यालय परिसर में ही नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा, शुगर, ब्लड प्रेशर, सी.बी.सी., दंत चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# बाल श्रम व नशीले पदार्थों की बिक्री पर रहे कडी निगरानी- जिला कलक्टर

## बाल अधिकारिता विभाग की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं सम्बद्ध समितियों की त्रैमासिक बैठक जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण ईकाई पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से जुडी गतिविधियों को प्रभावी बनाने और बाल हित में श्रेष्ठ कार्य करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विधालयों में सुझाव अथवा गरिमा पेटिका ऐसी जगह पर लगाई जाए जहाँ बच्चे आसानी से पहुंच सकें तथा अपनी शिकायत डाल सकें। ,

जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विधालय परिसर में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी आवश्यक रूप से प्रदर्शित की जाए। बाल श्रम के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों पर कडी निगरानी रखी जाए ताकि बालश्रम ना हो पाए। बच्चों में बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम पर चर्चा कर निर्देश दिए कि ऐसे पदार्थों के विक्रय पर सघन निगरानी रहे तथा सभी मेडिकल दुकानों पर सी.सी.टी.वी कैमरे आवश्यक रूप से लगवाने के निर्देश दिये।

माध्यमिक एवं प्रारिम्भक शिक्षा द्वारा गुडटच– बेड टच का प्रशिक्षण देने, सुझाव पेटी की अनुपालना, चाइल्ड राईट क्लब की कार्यवाही की जानकारी लेकर इन्हें प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत दर्ज प्रकरणों व चालान की स्थिति, दर्ज प्रकरणो में अभियोजन की प्रगति की समीक्षा, पीड़ित बच्चे एवं परिवार को मनोवैज्ञानिक परामर्श/काउसंलिग/विधिक सहायता एवं गवाह संरक्षण की उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। गुमशुदा बालकों के दस्तयाब पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट से चर्चा, चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रगति की जानकारी ली गई। बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड में लम्बित प्रकरणों पर भी चर्चा की गई।,

राजकीय एवं गैर राजकीय बाल गृहों व आश्रय गृहों की प्रगति, बच्चों के सम्पूर्ण पुनर्वास पर चर्चा की गई। राजकीय बालिका गृह में शारीरिक शिक्षक लगाने के निर्देश दिए गए। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई रामराज मीना ने विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त राजस्थान पोस्टर का विमोचन किया गया तथा बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई।

बैठक में अति. जिला कलक्टर कृष्णा शुक्ला, सीईओ जिला परिषद कमल कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजेन्द्र राठौड़ व सदस्यगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेन्द्र नागर, राजकीय बालिका गृह अधीक्षक अन्शुल मेहन्दीरत्ता, बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा सहित श्रम विभाग, एक्साइज विभाग, स्काउट गाइड से उप प्रधान यज्ञदत्त हाड़ा, सृष्टि सेवा समिति से भूपेन्द्र सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन काउन्सलर महिमा पांचाल एवं राजकीय–गैर राजकीय बाल देखरेख संस्थानों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

## दरगाह संपर्क मार्ग की बदहाली पर उठी आवाज, समिति ने सड़क और रोशनी सुधार की रखी मांग



**बढ़ता राजस्थान, अजमेर ((मोहम्मद नज़ीर क़ादरी ))।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की विश्व प्रसिद्ध दरगाह शरीफ से जुड़े संपर्क मार्ग की जर्जर हालत अब गंभीर समस्या बन चुकी है। मंगलवार को तारा शाह नगर हुसैनी मोहल्ला विकास समिति ने शहरी सेवा शिविर के दौरान सडक़ की खस्ताहाल स्थिति और टूटी पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। समिति ने नगर निगम और प्रशासन से तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। समिति अध्यक्ष आफताब नवाजी और सचिव बदरुद्दीन कुरैशी ने बताया कि दरगाह से जुड़ा यह मार्ग स्थानीय निवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले जायरीनों के लिए भी अहम है। रोजाना भारी संख्या में यातायात के बावजूद सडक़ पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, फैला मलबा और अंधेरी रातों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें लोगों के लिए असुविधा ही नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि खराब रोशनी और सडक़ की स्थिति के कारण रात के समय पैदल चलना तक जोखिम भरा हो गया है। समिति ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। विकास समिति और मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सडक़ की मरम्मत और स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दरगाह मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालु और स्थानीय लोग सुरक्षित व सहज आवाजाही कर सकें।

## गायत्री शक्तिपीठ वैर पर नवरात्रि महोत्सव, अनपढ़ों को साक्षर करने का संकल्प

**बढ़ता राजस्थान, वैर/भरतपुर।** भारतीय संस्कृति की विशिष्टता में परमसत्ता को माँ के रूप में देखने और उसकी आराधना करने की परंपरा महत्वपूर्ण स्थान रखती है। नवरात्रि इसी आराधना का प्रमुख पर्व है, जिसे श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ वैर पर नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गायत्री एवं अन्य आराध्या देवी-देवताओं के मंत्र बोलकर सामूहिक रूप से अग्निकुंड में आहुतियां दी गई। इससे पूर्व मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। आयोजन के दौरान पहली बार शक्तिपीठ में सम्मिलित हुए श्रद्धालुओं का तिलक और चंदन लगाकर स्वागत किया गया। ट्रस्टी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पर विशेष रूप से अनपढ़ लोगों को साक्षर बनाने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को साक्षर होने का संकल्प दिलाया गया।

## मानव रचना विद्यालय में बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा




**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** मानव रचना स्कूल के प्रांगण में 23 सितंबर को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के अभिभावकों के साथ-साथ शहर के अन्य लोग भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में बच्चों ने बड़ी उत्सुकता और जोश के साथ अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में अलग-अलग विज्ञान प्रोजेक्ट और उपकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें अलार्म सिस्टम, स्मॉल इन्वर्टर, हाई-फाई साउंड सिस्टम, ग्लोबल वार्मिंग मॉडल, सोलर सिस्टम, विंडमिल और वोलकैनो मॉडल शामिल थे। प्रदर्शनी का आयोजन सुबह आठ से दस बजे तक किया गया। विद्यालय के बच्चों को शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त रहा। इस दौरान शशिकांत उपाध्याय, नंदनी शर्मा, आकांक्षा परमार, कनक पारख, नेहा सोनी, सुमन यादव, प्रेमलता परमार और स्मिता यादव समेत अन्य अध्यापक और अध्यापिकाएँ उपस्थित रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह चौधरी तथा व्यवस्थापिका दिव्या गर्ग और तनु गर्ग ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें विज्ञान की शिक्षा के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा देते हैं।

## घटी हुई जीएसटी दरों का लाभ आमजन को मिले, व्यापारियों को दी नसीहत



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के बाजार में मंगलवार को जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों और दुकानदारों के साथ संयुक्त बैठक कर उन्हें केंद्र सरकार द्वारा घोषित घटाई गई जीएसटी दरों के अनुसार सामान की कीमतें कम करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों ने रैली निकालकर नागरिकों को भी जागरूक किया। वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त वेद प्रकाश मीणा, सहायक आयुक्त मदन मोहन मीणा, राज्य कर अधिकारी दीपक कुमार शर्मा, हरवीर सिंह मीणा और महेंद्र सिंह ने बैठक में कहा कि सरकार ने 375 से अधिक दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कटौती की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर यह लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए। अधिकारियों ने चेतावनी भी दी कि यदि कहीं से शिकायत प्राप्त होती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने चंबल के बीहड़ों से तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया

**बढ़ता राजस्थान, धौलपुर (राजू शर्मा)।** पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे तीन इनामी बदमाशों को चंबल के बीहड़ों से दबोच लिया है। जुलाई 2024 में इन बदमाशों ने रॉयल ढाबा, जीटी रोड, धौलपुर से दिनेश गुर्जर का अपहरण किया था। आरोपियों ने पीड़ित को मध्य प्रदेश के देवपुरी बाबा मंदिर के पास जंगल में ले जाकर मारपीट की और उससे रुपए तथा सोने की चेन छीन ली थी।

# अधिकारी शहरी और ग्रामीण शिविरों में आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान करें- सुरेश रावत

### डीग में जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने के एल जोशी विद्यालय में आयोजित शिविर का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नीरज जैन)।** जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग के प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मंगलवार को किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 का निरीक्षण किया। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह और जिला कलेक्टर उत्सव कौशल भी मौजूद रहे।




शिविर स्थल पर प्रभारी मंत्री रावत ने आमजन की समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब उनका पारदर्शी क्रियान्वयन हो। नामांतरण, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व और पेयजल जैसी सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को हर आवेदक को सम्मानपूर्वक और समयबद्ध समाधान देने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और विद्युत विभाग द्वारा प्राप्त परिवादों का अवलोकन किया और कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर गंभीरता से किया जाए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जनता की भागीदारी और प्रशासन की जवाबदेही मिलकर ही सेवा शिविरों को सफलता की ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

शिविर के दौरान प्रभारी मंत्री रावत और विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने आमजन को पट्टे, फायर एनओसी और पीएम आवास योजना शहरी (2.0) के तहत पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्यभर में सेवा शिविर सुनियोजित ढंग से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। शिविर में 16 से अधिक विभागों के अधिकारी आमजन को लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाए। यदि किसी समस्या का समाधान तत्काल संभव न हो तो उसे प्राथमिकता के साथ कार्यालय स्तर पर निपटाया जाए, और यदि कोई मुद्दा संबंधित योजना के दायरे में नहीं आता है तो जनता को पारदर्शी तरीके से सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 75 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दिया है और 1 लाख 65 हजार भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। लगभग 10 लाख 75 हजार महिलाओं को लखपति बनाया गया है, 8 करोड़ से अधिक की राशि किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में दी गई है और सडक़ों के निर्माण के लिए 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि स्वीकृत की गई है।

## नाथद्वारा में जर्जर सडक़ों और बंद स्ट्रीट लाइटों से जनता परेशान, सत्ता पक्ष ने ही किया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** धर्मनगरी नाथद्वारा में जर्जर सडक़ों और बंद स्ट्रीट लाइटों की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। आमजन के साथ ही श्रीनाथजी मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु भी परेशान हैं। लंबे समय से अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर आखिरकार सत्ता पक्ष के लोग ही नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ सडक़ों पर उतर आए। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कस्बे में रैली निकालकर पालिका प्रशासक एवं एसडीएम रक्षा पारिख को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निवर्तमान चेयरमैन मनीष राठी ने बताया कि कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश एम. जोशी और देवकीनंदन गुर्जर के नेतृत्व में पालिका प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कस्बे की आधी से अधिक स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय चोरी और सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। वहीं, मुख्य सडक़ों से लेकर गली-मोहल्लों तक जगह-जगह बने गड्ढों ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार से पूर्व सडक़ों की मरम्मत और स्ट्रीट लाइटों की दुरुस्ती आवश्यक है, लेकिन पालिका प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं कर रहा। इससे लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है और समस्या का त्वरित समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई है।

## कुलपति के विवादित बयान पर सर्व हिन्दू समाज का उग्र प्रदर्शन, पदमुक्ति और कानूनी कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** वीरभूमि मेवाड़ की अस्मिता को ठेस पहुँचाने वाले बयान के विरोध में सोमवार को सर्व हिंदू समाज सडक़ों पर उतर आया। पुरानी कलेक्ट्री से किशोर नगर होते हुए जिला परिषद चौराहे तक विशाल रैली निकाली गई। हाथों में तख्तियां लिए और नारेबाजी करते हजारों लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई और कलेक्ट्रेट पहुँचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।




प्रदर्शन का केंद्र बिंदु मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा का वह विवादित बयान रहा, जिसमें उन्होंने मुगल शासक औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताया। सर्व हिंदू समाज ने आरोप लगाया कि यह वक्तव्य न केवल इतिहास से छेड़छाड़ है, बल्कि मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा और धार्मिक भावनाओं पर गहरी चोट है। ज्ञापन में कहा गया कि महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप और महाराणा राजसिंह जैसे शासकों ने इस धरती की अस्मिता के लिए सर्वस्व बलिदान दिया, और ऐसे में औरंगजेब का महिमामंडन करना अपमानजनक है। प्रदर्शन के दौरान वातावरण मेवाड़ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, औरंगजेब का महिमामंडन बंद करो और कुलपति को बर्खास्त करो जैसे नारों से गूंज उठा। रैली में समाज के वरिष्ठजनों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने भी भाग लिया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रो. सुनीता मिश्रा को तत्काल कुलपति पद से हटाकर उनके खिलाफ धार्मिक भावनाएं भडक़ाने और इतिहास से छेड़छाड़ करने के अपराध में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक होगा तथा विरोध सडक़ से सदन तक पहुँचाया जाएगा।

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान**

## छह दिन में 83 हजार से अधिक लोगों ने लिया शिविरों का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में 17 सितम्बर से शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का सिलसिला लगातार जारी है। उपस्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला चिकित्सालय तक प्रतिदिन लग रहे शिविरों में महिलाओं, किशोरियों और आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लिया है। अभियान की शुरुआत से अब तक 83 हजार 296 लोग विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। ये शिविर आगामी 2 अक्टूबर तक संचालित होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार बिंदल ने बताया कि शिविरों में अब तक 26 हजार 746 लोगों की हाईपरटेंशन जांच की गई, जिनमें से 9 हजार 782 को उपचार मिला। इसी प्रकार 26 हजार 746 लोगों की डायबिटीज जांच में 8215 मरीजों का उपचार किया गया। 11 हजार 655 लोगों की मुख कैंसर जांच, 3074 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग और 3259 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई।

## शिया मुस्लिम महासभा की जिला कार्यकारिणी घोषित, 21 सदस्य शामिल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (नि.स.)।** निकटवर्ती ग्राम दौराई स्थित दरगाह हजरत अब्बास अ.स. पर राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष सैय्यद रजा अब्बास नकवी ने की। बैठक में शिया समाज की ओर से उनका और अन्य पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत सत्कार के बाद अजमेर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संस्था के महासचिव आसिफ अली ने जानकारी दी कि कार्यकारिणी विस्तार के साथ ही बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।



जिलाध्यक्ष सैय्यद आबिद हुसैन की सहमति और महासभा के संविधान के अनुसार 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी में इज़हार हुसैन, आलम अली, अली हैदर और अली सामिन को उपाध्यक्ष, दिलावर अब्बास को महासचिव तथा कल्बे मोहम्मद को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चांद अली, सिब्ते हसन, जाकिर हुसैन और जैगम अब्बास सचिव बनाए गए, जबकि दिलावर हुसैन को संगठन सचिव, नवाब हैदर को प्रवक्ता, जुलकरनैन हैदर को सलाहकार, रईस अब्बास को मीडिया प्रभारी और जफर कायम को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अय्यूब अली, अहमद हुसैन, मुजफ्फर अब्बास, मुस्तफा हैदर और कालू अली को सदस्य बनाया गया है। प्रदेशाध्यक्ष रजा अब्बास नकवी और अन्य पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय शिया धर्मगुरु मौलाना काजिम़ अली, शमीमुल हसन, तकी जाफर, इरफान हैदर, हैदर बिजनोरी सहित महासभा के संरक्षक रजी जाफरी, उपाध्यक्ष रब नवाज, महासचिव आसिफ अली, कोषाध्यक्ष शमीम हैदर, ब्यावर से संरक्षक रमजान अली, जिलाध्यक्ष शौकत अली और महासचिव फरमान हैदर भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर समर्पित भाव से सेवा का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय)। दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस जिलेभर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम उपनिदेशक कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें आरएसएस के जिला संयोजक भागीरथ सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ. सतीश लवानिया, उपनिदेशक डॉ. साधुराम शर्मा, डॉ. उमेश गोदन, पूर्व उपनिदेशक डॉ. सतीश पाराशर, डॉ. सुशील पाराशर, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. निरंजन सिंह, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. हरीश चौधरी, डॉ. संजीव तिवारी, डॉ. प्रताप सिंह और डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों ने आमजन को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समर्पित भाव से सेवा करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया को ध्यान में रखते हुए संतुलित खानपान, योग-व्यायाम को अपनाना चाहिए और बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा व शराब जैसी नशीली चीजों से दूर रहना आवश्यक है।

इसी क्रम में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के सहयोग से निशुल्क आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें 200 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क औषधि वितरित की गई।

चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ कई स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियानों के पोस्टर का विमोचन किया गया। इनमें स्वर्णप्राशन अभियान, फैटी लीवर मुक्त भरतपुर अभियान, नशा मुक्त परिवार जागरूकता अभियान, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु काउंसलिंग सेवा, बालिका रक्ताल्पता निवारण अभियान, दैनिक योग व व्यायाम जनजागरण अभियान, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण रख-रखाव अभियान और हृदय रोग से बचाव अभियान शामिल रहे।

महाविद्यालय में बीएनवाईएस छात्रों ने आहार एवं नवाचार पर प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. भगवान सिंह सोगरवाल, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. मनीषा गुर्जर, डॉ. राजकुमार झा, डॉ. ललिता, डॉ. मोहन स्वरूप शर्मा, डॉ. धनेश शर्मा, डॉ. शैलेश शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. ललित व्यास, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता और बड़ी संख्या में चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धर्म परिवर्तन मामले को लेकर हिंदू संगठनों का सड़क पर प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** जिले में एक युवक का धर्म परिवर्तन कर उसे मुस्लिम बनाया गया और उसका नाम भी बदल दिया गया, जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया है। मंगलवार को सर्व हिंदू समाज के सदस्यों ने बूंदी जिला कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर सडक़ जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि युवक को बहकावे और प्रलोभन के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, जो हिंदू समाज के लिए गंभीर मामला है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के तहत सजा दी जाए। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो आंदोलन और अधिक उग्र होगा और वे सडक़ों पर व्यापक विरोध दर्ज कराएंगे। आज जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग शामिल थी। इस अवसर पर सीताराम सैनी, लक्ष्मण दास महाराज, गौरव शर्मा सहित कई हिंदू संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही, जिसमें जसवीर मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चार थानों के थानाधिकारी प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे और स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा।

## सांगानेर में नौ दिवसीय अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सांगानेर में रामायण मंडल के राम भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ के दरबार में 22 से 30 सितंबर तक शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ भाग ले रहे हैं। रामायण मंडल के वरिष्ठ सदस्य रामदयाल कोठारी और सुरेंद्र कवि ने बताया कि सांगानेर रामायण मंडल द्वारा प्रत्येक माह अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्थानीय माताएं और बहनें विशेष सहयोग प्रदान करती हैं। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और दिन-प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में लगातार वृद्धि हो रही है।

## जूडो प्रतियोगिता में ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों को दिया उत्साहवर्धन



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। महेंद्रगढ़ में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में ग्राम के युवाओं ने खिलाडियों का उत्साह बढ़ाया। हैप्पी क्लब महेंद्रगढ़ के विनोद बूलीवाल, मुकेश बूलीवाल, पुखराज बूलीवाल और अशोक बूलीवाल खेल मैदान के मैट पर पहुंचे और खिलाडियों को आशीर्वाद देकर उनका हौसला बढ़ाया।

प्रतियोगिता का आयोजन कोच व निर्णायक अब्दुल गनी पठान, रुपनारायण विश्नोई, गोपाल विश्नोई, नारायणलाल गाडरी, उषा चतुर्वेदी, अनपूर्णा गौड, प्रकाश राजोरा, महेश शर्मा, हबीब मोहम्मद, भगवती टेलर, सूर्या जाट, मीना सिंघवी और भारती विश्नोई के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर विनोद बूलीवाल ने खिलाडियों को अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व के बारे में बताया और कहा कि खेलों में इसी से सफलता हासिल होती है।

## मुस्लिम समाज ने विधायक जीनगर का आभार जताया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में व्याप्त पेयजल समस्या के समाधान के लिए मुस्लिम समाज ने क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर का धन्यवाद व्यक्त किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली की अगुवाई में विधानसभा कपासन के समाजजन नगर के बाहर विधायक का स्वागत आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ किया।


नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने बताया कि कपासन का एकमात्र जलस्त्रोत राजराजेश्वर तालाब सूखने के कारण पानी की किल्लत हो गई थी। विधायक जीनगर के प्रयासों से बनास नदी से धमाणा-कपासन फीडर के माध्यम से भूपालसागर, डीण्डोली, धमाणा, जाशमा और कपासन के तालाबों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके अलावा फीडर जीर्णोधार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अनुमानित 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई गई, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अशफाक अली, मंसुर ओठवाल, शाबिर पुंवार, कलीम मंसुरी, यासीन भाटी, जुनैद शैख, ईनायत अली, मकबुल अंसारी, वाजिद खान सहित दर्जन भर से अधिक समाजजन उपस्थित रहे।

सीएम ने विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहरी सेवा शिविर का किया अवलोकन, लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे और नगर निगम परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर पिछड़ा और जरूरतमंद व्यक्ति मुख्यधारा से जुडक़र आत्मनिर्भर बने। इसी उद्देश्य से राज्य में सेवा पखवाड़ा के तहत शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में ऐसे कार्य निपटाए जा रहे हैं, जिनके लिए पहले आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, अब ये कार्य घर के पास ही पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान लाभार्थियों को अनुदान राशि, चेक, प्रमाणपत्र और बीमा पॉलिसियां वितरित की गईं। निश्चय योजना के तहत टीबी रोगियों के परिजनों को पोषण सामग्री की किट भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्पों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाया गया है, ताकि दबाव या बहलावे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सके।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा, महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक अशोक कोठारी, गोपाल खंडेलवाल, लादूलाल पितलिया, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम परिसर में मुख्यमंत्री का स्वागत महापौर राकेश पाठक ने चांदी का स्मृति चिन्ह भेंटकर किया, जबकि सांसद अग्रवाल ने पारंपरिक पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री हमीरगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पालिका परिसर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया और हवाई पट्टी पर फ्लाइंग क्लब का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस क्लब के शुरू होने से युवाओं को पायलट बनने का प्रशिक्षण यहीं उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में दोहराया कि सरकार की प्राथमिकता जनकल्याण है और हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

## बूंदी में विकास की नई उड़ान, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने किया 123 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनंत दाधीच)।** जिले के समग्र विकास को गति देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को 123 करोड़ रुपये की लागत से बने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल संकुल में निर्मित अत्याधुनिक मल्टीपरपज इंडोर हॉल और कबड्डी स्टेडियम का भी उद्घाटन किया। इन नई सुविधाओं से जिले के खिलाडियों को अपनी प्रतिभा निखारने और भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त करने का मार्ग मिलेगा।

लोकार्पण समारोह के दौरान ओम बिरला ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मल्टीपरपज इंडोर हॉल में एक ही छत के नीचे विभिन्न खेलों के आयोजन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हो सकेंगे।

इस अवसर पर समाजसेवी अक्षय हाडा द्वारा कबड्डी स्टेडियम के लिए उपलब्ध कराई गई अंतर्राष्ट्रीय मानकों की मैट की भी सराहना की गई।

ओम बिरला ने उम्मीद जताई कि ये नई खेल सुविधाएँ बूंदी को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएँगी और युवा खिलाडियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता पाने के लिए प्रेरित करेंगी। लोकार्पण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, पूर्व विधायक अशोक डोगरा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आंतरिक सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 23 सितम्बर को आन्तरिक सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक जिला मजिस्ट्रेट श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुई। इसमें विभिन्न कानून एवं शान्ति व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए इंटेलीजेन्स ब्यूरो, सेना, सीआईडी एवं अन्य इंटेलीजेन्स एजेन्सियों के मध्य आपसी समन्वय होना आवश्यक है। समस्त एजेन्सियां प्राप्त सूचनाओं का तत्काल आदान प्रदान करेंगी। इसमें नवीनतम तकनीक का उपयोग भी लिया जाना चाहिए। वर्तमान परिप्रेक्ष में सूचना प्रौद्योगिकी एवं साईबर इंटेलीजेन्सी का उपयोग भी लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले के संवेदनशील स्थलों की निगरानी एवं सुरक्षा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर कार्य हो। विभिन्न पर्वों पर भी कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। वर्तमान में चल रहे नवरात्रा पर्व के दौरान लगातार गश्त होती रहनी चाहिए। रात्रि के दौरान विशेष रूप से सावधानी रखें। इसी प्रकार जूलुस एवं यात्राओं के दौरान भी शान्ति व्यवस्था रहनी चाहिए। क्षेत्र में निगरानी के लिए कैमरे कार्यशील अवस्था में रहें। बैठक में कई संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## राष्ट्रीय दशहरा मेला-2025 का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा द्वारा आयोजित 11 दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेले का शुभारम्भ सोमवार को शाम 7.30 बजे मेला आयोजन समिति के संरक्षक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मोली बंधन खोलकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा जिला एवं नगर पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

नवरात्रि के पावन अवसर पर दशहरा मेला प्रांगण में अशोक वाटिका स्थित श्री महादेव मंदिर पर नगर परिषद प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली ने पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की। अधिकारियों और कर्मचारियों ने महाआरती के साथ मेले की सफलता और सुख-समृद्धि की कामना की। श्री रामलीला मंच पर पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने श्री रामचरित मानस की पूजा अर्चना कर रामलीला के मंचन का आरम्भ करवाया।

पहले दिन के मंचन में नारद जी और भगवान विष्णु के संवाद के साथ कथा प्रस्तुत की गई। 24 सितंबर को मंच पर रावण अत्याचार, पृथ्वी पुकार, श्री राम जन्म एवं ताडक़ा वध आदि प्रसंगों का मंचन होगा। इस वर्ष रामलीला के संगीतमय मंचन में सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक सतीश देहरा का योगदान रहेगा। मीरा रंगमंच पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मेले के शुभारम्भ अवसर पर विधायक कृपलानी ने जीएसटी बचत उत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन को दी गई सौगातों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में परिवर्तन से दैनिक जीवनोपयोगी सामान सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे।

## जीएसटी बचत उत्सव:जीएसटी में सुधार का आमजन को मिले लाभ: जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 23 सितम्बर को जीएसटी बचत उत्सव के सम्बन्ध में जिला प्रशासन एवं वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में किया गया। इसमें जीएसटी कॉन्सिल के द्वारा जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि जीएसटी के कर ढांचे में सरकार द्वारा कई सुधार किए गए है। इससे दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं सस्ती हुई है।

इसका लाभ आमजन, गरीब, किसान, व्यापारियों एवं उद्यमियों को मिलना चाहिए। इससे सामान्य परिवारों में बचत बढ़ेगी। साथ ही बाजार में व्यापार एवं व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। कर ढांचे के सरलीकरण से आत्मनिर्भरता में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी दल के रूप में बाजारों में जाएंगे। इनके द्वारा व्यापारियों के साथ समझाईश की जाएगी। सरकार के निर्देशानुसार जीएसटी की घटी हुई दरों का लाभ आमजन को दिया जाए। इस बारे में व्यापारिक संघों के साथ भी चर्चा की जाए। शहर चलो अभियान के शिविरों के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। बैठक में व्यापारिक संघों, चार्टेट एकाउन्टेंट एवं अन्य हितधारकों की जिज्ञासाओं के समाधान किए गए। उन्होंने कहा कि आमजन में जागरूकता बढ़ी है। सोमवार 22 सितम्बर के पश्चात के सभी बिल घटी हुई जीएसटी दर पर बनने चाहिए। अजमेर डेयरी द्वारा भी अपने 23 डेयरी उत्पादों के बिक्री मुल्य में नियमानुसार कमी की गई है। हर घर बचत से हर मन खुशहाली को केन्द्र में रखकर आगामी 29 सितम्बर तक जीएसटी बचत उत्सव की गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, वाणिज्यिक कर विभाग के उपायुक्त श्री पूरण सिंह राठौड़, सीटीओ श्री महराज अहमद, श्री हरि किशन, श्री घनश्याम सिंह कविया, चार्टेट एकाउन्टेंट श्री सी. एम. अग्रवाल, श्री सुभाष बडज़ात्या सहित सीए एसोसिएशन, टैक्स बार एसोसिएशन, किराणा संघ, फुटवियर संघ एवं अजमेर डेयरी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए

# ब्यावर में गरिमामय आयोजन, चिकित्सा कर्मियों का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (अनिल सिखवाल)। जिला आयुष कार्यालय, ब्यावर की ओर से दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2025 का जिला स्तरीय समारोह भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए रही, जिसने कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार, सहायक निदेशक डॉ. चेतन प्रकाश सेन एवं आयुर्वेद विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमाशंकर पचौरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक डॉ. चेतन प्रकाश सेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का विज्ञान है, जो जन-जन के कल्याण और धरती के संरक्षण की राह दिखाता है।इस अवसर पर जिले में आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों का भव्य अभिनंदन किया गया।

समारोह का संचालन डॉ. आशीष सोनी ने कुशलता से किया।विधायक शंकर सिंह रावत ने अपने संबोधन में चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर को राज्य स्तर पर सम्मानित होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा, उसकी आधुनिक समय में प्रासंगिकता और प्रकृति-सम्मत जीवनशैली को अपनाने पर जोर दिया। समारोह में बड़ी संख्या में आयुर्वेदिक चिकित्सक, विद्यार्थी और आमजन उपस्थित रहे, जिन्होंने आयुर्वेद को नई ऊर्जा और दिशा देने का संकल्प लिया।

## इटली में फिलिस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

# 60 पुलिसकर्मी घायल फिलिस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, PM मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इनकार कर दिया है।

सोमवार से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी।

मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, ट्यूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।





### मेलोनी बोलीं- प्रदर्शन का कोई फायदा नहीं

प्रदर्शन देशभर में ट्रेड यूनियनों की ओर से बुलाई गई हड़ताल का हिस्सा थे। इसका मकसद गाजा में हो रही हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना था। मजदूरों ने वेनिस बंदरगाह का काम रोकने की कोशिश की ताकि इजराइल को हथियार और सामान भेजने से रोका जा सके। PM मेलोनी ने इन घटनाओं को शर्मनाक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रदर्शन गाजा के लोगों की जिंदगी में कोई बदलाव नहीं लाएंगे और उल्टा इटली के नागरिकों को ही इसका नुकसान झेलना पड़ेगा। मेलोनी ने हड़ताल आयोजकों और राजनीतिक दलों से भी अपील की कि वे हिंसा की साफ-साफ निंदा करें।

### फिलिस्तीन देश बनने से पहले मान्यता देने के खिलाफ इटली

मेलोनी पहले से ही गाजा पर अपनी नीति को लेकर विपक्ष की आलोचना झेल रही हैं। इटली सरकार ने हाल ही में कहा था कि कि ऐसे फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने का कोई मतलब नहीं है, जो अभी अस्तित्व में ही नहीं है। जब उनसे इजराइल को लेकर राय मांगी गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इससे विपक्ष उनसे नाराज हो गया। फिलिस्तीन देश के पक्ष में हूं, लेकिन इसे बनाने से पहले मान्यता देने के खिलाफ हूं। ये गलत है। मेरे ख्याल से अगर कागज पर किसी ऐसी चीज को मान्यता दे दी जाए जो वास्तव में मौजूद नहीं है, तो समस्या हल होने का भ्रम हो सकता है, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं होगा। इससे परेशानी खत्म नहीं होगी। ब्रिटेन-फ्रांस और कनाडा समेत अमेरिका के कई करीबी देशों ने बीते 3 दिनों में फिलिस्तीन को देश की मान्यता दी है।

# सत्येंद्र जैन की बढ़ी परेशानी, अब ED ने 7.44 करोड़ की प्रॉपर्टी की अटैच




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून यानी PMLA के तहत उनकी कंपनियों से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर ली है। ED की यह कार्रवाई CBI की एक एफआईआर के आधार पर की गई है। इस FIR में आरोप लगाया गया था कि फरवरी 2015 से मई 2017 के बीच सत्येंद्र जैन ने अपनी घोषित आय से कहीं ज्यादा संपत्ति जमा की। इस मामले में 2018 में ही CBI ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी, जिसमें सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और कुछ अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

ED की जांच में यह सामने आया है कि नोटबंदी के तुरंत बाद, यानी नवंबर 2016 में, सत्येंद्र जैन के करीबी अंकुश जैन और वैभव जैन ने कुल 7.44 करोड़ रुपये बैंक में जमा कराए। यह रकम उन्होंने कुछ कंपनियों के नाम पर दिखायी, लेकिन जांच में पता चला कि ये कंपनियाँ वास्तव में सत्येंद्र जैन के ही नियंत्रण में थीं। आयकर विभाग और अदालतों ने यह भी माना कि अंकुश और वैभव जैन, सत्येंद्र जैन के बेनामीदार (नाम के पीछे छिपे असली मालिक) हैं। इसी आधार पर ED ने अब उनकी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच कर दिया है। ED इससे पहले भी 4.81 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी थी। अब इस नई कार्रवाई के बाद कुल जब्त संपत्ति 12.25 करोड़ रुपये हो चुकी है।

# फेस्टिव सीज़न में घर जाना होगा आसान- इंडियन रेलवे चला रहा है 12000 स्पेशल ट्रेनें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** दीवाली और छठ पूजा पर घर जाने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। इस साल फेस्टिव सीज़न पर घर के जाने वालों के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे का लक्ष्य इस साल 12000 स्पेशल ट्रेनें चलाने का है, जबकि पिछले साल चलाई गई 7,500 ट्रेनों से काफ़ी ज़्यादा है। यह कदम त्योहारी सीजन में ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।



रेल मंत्री के अनुसार ये स्पेशनल ट्रेनें 1 अक्टूबर से 15 नवंबर तक चलाई जाएंगी। रेलवे ने अब तक 10,000 स्पेशल ट्रेनों की अधिसूचना जारी कर दी है। इन ट्रेनों में से 150 ट्रेनें पूरी तरह से अनारक्षित होंगी, ताकि आखिरी समय में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी परेशानी न हो।

अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्लीपर की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है और दूसरी रेक का इंतजार किया जा रहा है, जो 15 अक्टूबर तक आ जाएगी। इसके बाद दो वंदे भारत स्लीपर कमीशनिंग एक साथ शुरू की जाएंगी।

रेल मंत्री ने कुछ नए रूट्स पर चलने वाली ट्रेनों के बारे में भी जानकारी दी है। लखनऊ जंक्शन और सहारनपुर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा के समय को कम करेगी, जबकि मदार जंक्शन (अजमेर) और दरभंगा के बीच चलने वाली नई साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस निम्न और मध्यम आय वर्ग के यात्रियों के लिए उपयोगी होगी।

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय रेलवे की समय पालनता में सुधार हुआ है। यह कदम दिवाली और छठ पूजा के दौरान लाखों लोगों की यात्रा को और आसान और सुविधाजनक बनाएगा।

## ट्रम्प की पार्टी के नेता बोले- हनुमानजी झूठे भगवान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता अलेक्जेंडर डंकन ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने इसे झूठे भगवान की झूठी प्रतिमा कहा है।

डंकन के इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने इसे लेकर विरोध किया और इसे हिंदू विरोधी बताया।

कई अन्य संगठनों ने भी इसे धार्मिक आस्था पर हमला बताते हुए माफी की मांग की है। अमेरिकी नागरिकों ने भी इसकी घोर निंदा की है। फिलहाल डंकन की ओर से कोई आधिकारिक सफाई नहीं दी गई है।

# बलूचिस्तान के मस्तुंग में ट्रेन पर धमाका, जाफर एक्सप्रेस पटरी से उतरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को एक बड़ा रेल हादसे की खबर सामने आई है। दरसल, मस्तुंग जिले के दश्त इलाके से गुजर रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके के कारण ट्रेन की कई बोगियां पटरी से उतर गईं और कुछ पलट भी गईं । हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।



यह हादसा तब हुआ जब ट्रेन दश्त इलाके से गुजर रही थी। धमाका इतना तेज था कि एक डिब्बा पलट गया और कई अन्य डिब्बे ट्रैक से उतर गए। घटनास्थल से आए वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि ट्रेन के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। खासकर एक डिब्बे में महिलाएं और बच्चे फंसे हुए थे जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश की जा रही थी। इस हादसे से कुछ ही घंटे पहले, इसी इलाके में रेलवे ट्रैक की जांच कर रही पाकिस्तानी सेना की टीम को भी निशाना बनाकर हमला किया गया था। यानी एक ही दिन में दो बड़ी घटनाएं इसी क्षेत्र में घटी हैं – पहले सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया और फिर आम नागरिकों से भरी एक यात्री ट्रेन को। धमाके के बाद सबसे पहले स्थानीय लोग ही मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने ट्रेन के डिब्बों में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश की। कुछ लोग ट्रेन की छत से कूदते नजर आए, वहीं कई यात्री बुरी तरह से डरे हुए थे। स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहत और बचाव कार्य में सुरक्षाबलों की टीम भी जुटी हुई है।

## टैरिफ-व्यापार युद्ध के खिलाफ मुखर हों भारत-चीन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** चीन और भारत को आधिपत्य, सत्ता की राजनीति और किसी भी तरह के टैरिफ तथा व्यापार युद्ध का कड़ा विरोध करना चाहिए। यह बात मंगलवार को चीन के राजदूत जू फीहोंग ने कही। उनका यह बयान उस समय आया है, जब नई दिल्ली और ट्रंप प्रशासन के रिश्तों में खटास है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजदूत ने भारत-चीन संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव रखा, जिसमें आपसी सम्मान और विश्वास की भावना से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का 'सही तरीका' खोजना शामिल है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पंजाब के राज्यपाल ने पीएम मोदी से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब और चंडीगढ़ की मौजूदा स्थिति तथा क्षेत्र की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं से पीएम मोदी को अवगत कराया। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किए जा रहे उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बहाल करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी रोग नियंत्रण उपाय सुनिश्चित करने में राज्य मशीनरी और स्वयंसेवी संगठनों के समन्वित प्रयासों पर पीएम मोदी को जानकारी साझा की। गुलाब चंद कटारिया ने पाकिस्तान से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा और विकास संबंधी चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा इन संवेदनशील क्षेत्रों में उद्योग इकाइयां स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हों। उन्होंने एंटी-ड्रोन सिस्टम और हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता बढ़ाने की भी बात कही। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पीएम मोदी को पंजाब और चंडीगढ़ में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थानों को एनएएसी मान्यता से जोड़कर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।



आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की। पंजाब व चंडीगढ़ से जुड़े मुद्दों—बाढ़ राहत, सीमावर्ती सुरक्षा, शिक्षा, नशा-मुक्ति, स्टार्टअप, खेल नीति व 'गिफ्ट सिटी' मॉडल पर चर्चा हुई। प्रगति हेतु सशक्त रोडमैप पर विचार साझा किए।

### नशामुक्ति जागरूकता अभियान

उन्होंने राज्य में चल रहे नशामुक्ति जागरूकता अभियानों का भी विवरण साझा किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देना है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) की तर्ज पर एक गिफ्ट सिटी स्थापित करने के विचार पर भी चर्चा की। उन्होंने नई खेल नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ को एक प्रमुख खेल केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।